
हरिभूमि
रायपुर भूमि


ड्रोन फोटो भूपेश जांगड़े



## गणपति दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब...

रायपुर। राजधानी के विभिन्न इलाकों में स्थापित गणपति भगवान की दिव्य और आकर्षक प्रतिमाओं के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। गणेशोत्सव समितियों समेत पुलिस प्रशासन भी व्यवस्था में जुटा हुआ है।

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


सातवें एवं आठवें फ्लोर पर लगभग 40 लोग दो घंटे तक फंसे रहे

मौके पर पहुंचे जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी

# बेबीलॉन टॉवर में लगी भीषण आग 40 से ज्यादा लोग दो घंटे तक फंसे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में मंगलवार को तेलीबांधा क्षेत्र में संचालित बेबीलॉन टॉवर बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। 8 फ्लोर की इस बिल्डिंग में आग लगने से सातवें एवं आठवें फ्लोर पर लगभग 40 लोग दो घंटे तक फंसे रहे। आग इतनी तेजी से फैली कि लोग दफ्तर से निकलकर बिल्डिंग की छत पर चले गए। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के फंसे रहने की खबर मिलते ही कलेक्टर, एसएसपी सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग के साथ संयुक्त रेक्स्यू अभियान चलाकर यहां फंसे सभी लोगों को कड़ी मशक्कत कर सुरक्षित बिल्डिंग से नीचे उतारा। सभी लोगों के बिल्डिंग से नीचे उतारे जाने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली। करीब तीन घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के दौरान आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया, लेकिन सुलग रही आग के कारण धुंआ कमरों में भरा हुआ है। कमरों की खिड़कियों में लगे कांच तोड़कर धुंआ बाहर निकाला जा रहा है।

## सभी को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया



### दिव्यांग समेत दर्जनभर लोग जान बचाने छत पर पहुंचे

आग इतनी तेजी से फैली कि सातवें एवं आठवें फ्लोर पर मौजूद एक बुजुर्ग दिव्यांग सहित दर्जनभर लोगों ने बिल्डिंग की छत पर चढ़कर अपनी जान बचाई। इनमें से बुजुर्ग दिव्यांग को सबसे आखिरी में बिल्डिंग से नीचे उतारा गया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### आगजनी से जनहानि नहीं

आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के साथ जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान रेस्क्यू अभियान चलाकर बिल्डिंग में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग पर काबू पा लिया है। आग कैसे लगी, इसकी जांच की जाएगी।

\- लाल उमेद सिंह, एसएसपी रायपुर

### लिफ्ट की वॉयर में हुए शॉर्ट सर्किट से लगी आग

बिल्डिंग में लगी आग का कारण लिफ्ट में लगी मोटी वायर में हुए शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। तेलीबांधा थाना प्रभारी ने बताया कि बिल्डिंग की लिफ्ट में लगी मोटी वायर में शॉर्ट सर्किट हुआ था। इस लिफ्ट के ऊपरी फ्लोर में जाते समय शॉर्ट सर्किट की आवाज आई थी, जिसके बाद मोटी वायर फ्लोर में लगी कई चीजों से टकराते समय उसमें से चिंगारी निकल रही थी। जैसे ही लिफ्ट सातवें फ्लोर पर पहुंची, वहां जोरदार आवाज आई और तेज चिंगारी निकलने के साथ इस फ्लोर में आग लग गई। इसके बाद आठवें फ्लोर में आग लग गई। इस तरह आग बिल्डिंग के सिर्फ इन दोनों फ्लोर में लगी। इससे पहले आग और फ्लोर पर फैलती, इस पर काबू पा लिया गया।

## खबर संक्षेप

### दहेज में बाइक मांगने पर महिला ने लगाई फांसी

रायपुर। सरस्वतीनगर थाना क्षेत्र में दहेज मांगने से प्रताड़ित होकर एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस घटना की रिपोर्ट मृतका के परिजनों ने थाने में दर्ज कराई है। बताया गया कि कोटा निवासी मृतका सरस्वती निर्मलकर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सरस्वती की आत्महत्या के लिए उसके परिजनों ने उसके पति देवानंद निर्मलकर पर दहेज में बाइक मांगकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### चाकू लहराकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार



रायपुर। आजाद चौक पुलिस ने एक बदमाश को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आमापारा कारी तालाब गार्डन गेट के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में चाकू लहराते हुए आम लोगों को डरा-धमका रहा है। इस सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने फैज अली उर्फ फज्जू निवासी खपराभट्ठी थाना आजाद चौक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

# राजधानी में दिनदहाड़े कट्टा दिखाकर लूट, स्कूटी सवार का पीछा कर लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हत्या, लूट, चोरी जैसी वारदातें आम हो गई हैं। शहर में जिस तेजी से अपराध बढ़े हैं, उसे देखकर यह कहना भी गलत नहीं होगा कि अपराधियों में पुलिस का खौफ अब नहीं है, क्योंकि शहर में अब दिनदहाड़े लूट की घटना भी होने लगी है।

ऐसी ही एक घटना सोमवार शाम करीब 7 बजे कुकुरबेड़ा डुमरतालाब विप्र कालेज के पास घटी, जहां दोपहिया वाहन सवार दो नकाबपोशों ने कट्टा की नोक पर स्कूटी सवार युवक से रुपए लूट लिए और फरार हो गए। हालांकि इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं दूसरे की तलाश में जुटी हुई है। ▶▶| शेष पेज 11 पर



- दो नकाबपोश बदमाशों में से एक गिरफ्तार दूसरे की तलाश

### 4500 रुपए की लूट

सरस्वतीनगर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रार्थी उज्वल निषाद निवासी सरोना 1 सितंबर को देर शाम करीब 7 बजे अपने दोस्त के साथ स्कूटी से एनआईटी के पास एटीएम में 4500 रुपए जमा करने गया था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण वह पैसा जमा नहीं कर पाया। इसके बाद दोनों घर लौट रहे थे। जैसे ही वे कुकुरबेड़ा डुमरतालाब विप्र कालेज के पास पहुंचे, तभी पीछे से दोपहिया वाहन में सवार दो लोग जो अपने चेहरे को कपड़ा से ढके ▶▶| शेष पेज 11 पर

### घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने एक को पकड़ा

इस घटना में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर इस लूट में शामिल आरोपी हरमीत सिंह 28 वर्ष निवासी ज्ञान भारती स्कूल के पास हीरापुर थाना कबीर नगर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से लूट की रकम 3700 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन के साथ एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस जब्त किया है। पूछताछ में हरमीत ने पुलिस को बताया कि इस घटना को उसने अपने साथी दीपक तिवारी के साथ मिलकर अंजाम दिया है। फिलहाल दीपक अभी फरार है, जिसे पुलिस तलाश कर रही है।




# स्नातक स्तर पर 12 हजार की छात्रवृत्ति देगा बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा उन विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जा रही है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और कॉलेज या यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं। सीबीएसई ने 2025-26 एकेडमिक ईयर के लिए सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीबीएसई सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप के लिए वो ही छात्र अप्लाई कर सकता है, जो किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज या यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा हो। इसके साथ ही छात्र के परिवार की सालाना आय 4.5 लाख रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ▶▶| शेष पेज 11 पर

- पात्रता पूर्ण करने वाले छात्रों को स्नातकोत्तर स्तर पर मिलेंगे 20 हजार वार्षिक

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# इस बार माना में ढाई सेमी. बारिश, शहर में मध्यम असर



- मंगलवार को गरजने के बाद मध्यम रूप से बरसते रहे बादल, प्रभाव आज भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी में तैयार हुए नए सिस्टम के प्रभाव से रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में बारिश की संभावना बनी हुई है। मंगलवार को शहर की तुलना में माना इलाके में वर्षा का ज्यादा असर हुआ। वहां घंटेभर में ढाई सेमी. पानी गिरा और लालपुर में केवल आधा सेमी. रिकार्ड हुआ। बारिश का असर अगले चौबीस घंटे रहने की संभावना है।

सितंबर की शुरुआत के साथ एक बार फिर बारिश की गतिविधि प्रदेश में बढ़ती हुई नजर आ रही है। बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब का क्षेत्र ओडिशा की ओर प्रबल होने के साथ बढ़ रहा है। इसका सीधा असर रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के शहरों में बारिश के रूप में होने की संभावना है। सोमवार की शाम रायपुर के कुछ इलाकों में अच्छी बारिश हुई थी और लालपुर में पानी की मात्रा साढ़े तीन सेमी. दर्ज की गई थी। मंगलवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज फिर बदला मगर शहर में केवल बादलों की गड़गड़ाहट हुई और बारिश का प्रभाव माना इलाके में नजर आया। शाम साढ़े पांच बजे तक वहां ढाई सेमी. बरसात हो गई थी। शहरी इलाकों में शाम ▶▶| शेष पेज 11 पर

**217 करोड़ में ढाई साल में बनकर तैयार होगा नया भवन**

# पॉवर कंपनियों के नए भवन की नवा रायपुर में मुख्यमंत्री आज रखेंगे आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनियां आने वाले समय में नवा रायपुर शिफ्ट होंगी। कंपनियों के लिए 217 करोड़ की लागत से नया भवन बनेगा। इस भवन की बुधवार को सुबह को 10.30 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आधारशिला रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप करेंगे। नौ मंजिला नया भवन हरित होगा। इसी के साथ भवन के दफ्तर सोलर से रोशन होंगे। डगनिया का डाटा सेंटर और लोड डिस्पैच सेंटर नवा रायपुर शिफ्ट नहीं होगा। नवा रायपुर के भवन में तीनों कंपनियों के दफ्तर ही शिफ्ट होंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री और आरंग के विधायक गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू विशेष अतिथि होंगे। संयुक्त मुख्यालय परिसर अत्याधुनिक और हरित भवन के मापदंडों के अनुरूप होगा। 1300 से अधिक कार्मिकों के लिए तैयार होने वाले इस मुख्यालय भवन को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की पांच सितारा रेटिंग और ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) के मापदंडों के अनुरूप बनाया जाएगा। नवा रायपुर के सेक्टर 24 में निर्मित होने जा रहे भूतल समेत कुल 9 मंजिलों के इस मुख्यालय काम्पलेक्स में तीनों कंपनियों के लिए तीन टॉवर होंगे। मुख्यालय भवन को ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (गृहा) के निर्धारित पांच सितारा मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा।



### ढाई साल में बनेगा

मुख्यालय परिसर एकीकृत प्रणाली से प्रबंधित होगा जिसे भवन प्रबंधन प्रणाली (बीएमएस) नियंत्रित कहा जाता है। इसके तहत नियंत्रण कक्ष स्थापित होगा और यह नियंत्रित विद्युत, एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) जल आपूर्ति, अग्निशमन, अग्नि अलार्म, ऑडियो विजुअल, सीसीटीव्ही निगरानी से लैस होगी। मुख्यालय परिसर के विकास का काम छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को सौंपा गया है। मुख्यालय भवन का निर्माण 10 हजार वर्ग मीटर में होगा जिस पर लगभग 217 करोड़ रुपए का व्यय होगा। भवन निर्माण का कार्य अगले 30 महीनों में पूरा कर लिया जाएगा।

### भवन में सौर ऊर्जा संयंत्र लगेंगे

नेट जीरो अवधारणा के साथ भवन में हरित ऊर्जा का ही उपयोग हो इसके लिए प्रथम चरण में 55 प्रतिशत तथा दूसरे चरण में शत प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति सौर ऊर्जा से होगी। भवन में लगभग 12 सौ किलोवॉट विद्युत के खपत का आँकलन है। परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। इतना ही नहीं भवन में कांच युक्त बाह्य सतह पर बिल्डिंग इंटिग्रेटेड फोटो वोल्टायिक सिस्टम (बीआईपीव्ही) होगा जो सूर्य की रोशनी नहीं होने पर भी भवन के ताप से भी विद्युत निर्माण कर सकेगा। 21 वीं सदी के पहले नियोजित शहर में टीओडी मॉडल में विकास का खाका तैयार किया गया है। उसी अनुरूप पॉवर कंपनियों का मुख्यालय तैयार किया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### पुनरीक्षण, अभ्यावेदनों की सुनवाई का अधिकार अब विशेष सचिव, संयुक्त सचिव को भी

**रायपुर।** विचाराधीन निगरानी, पुनरीक्षण प्रकरण और अभ्यावेदनों की सुनवाई अब विशेष सचिव व संयुक्त सचिव भी कर सकेंगे। यह अधिकार दरअसल राजस्व मंत्री के पास होता है, लेकिन पिछले साल मंत्री ने अपना यह अधिकार राजस्व सचिव को सौंप दिया था। अब इसमें संशोधन करते हुए यह कहा गया है कि सचिव या सचिव द्वारा अधिकृत विशेष सचिव या संयुक्त सचिव को सुनवाई के लिए अधिकृत किया गया है।

### सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की आज तय होगी रूपरेखा

**रायपुर।** भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए प्रदेश भाजपा संगठन की बुधवार को सुबह 11 बजे बैठक रखी गई है। यह बैठक भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राधामोहन अग्रवाल लेंगे। बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री नवीन मार्कंडेय, अखिलेश सोनी और यशवंत जैन भी रहेंगे।

---

**कांग्रेस को प्रधानमंत्री की लोकप्रियता सहन नहीं हो रही : किरण देव**

# राजीव भवन घेरने निकली महिला मोर्चा की पुलिस के साथ जमकर झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माता के खिलाफ अपशब्द कहने का विरोध करने के लिए भारतीय महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में मंगलवार को राजीव भवन का घेराव करने निकलीं, तो रास्ते में उनको पुलिस ने रोका। इस बीच पुलिस के साथ जमकर झूमाझटकी हुई। इसके पहले बीटीआई मैदान पर महिल मोर्चा ने सभा की। इसमें भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय भी शामिल भी शामिल हुईं।

सभा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा, अपने आप को देश का सबसे बड़ा राजनीतिक दल कहने वाली कांग्रेस पार्टी और उसके नेता लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को सहन नहीं कर पा रहे हैं। बिहार के दरभंगा में देश के प्रधानमंत्री की माता जी पर अमर्यादित टिप्पणी करना मातृशक्ति का अपमान है। श्री देव ने कहा, भाजपा विरोधी दल के नेता को भी सम्मान देती है।



### मां के सम्मान में महिला मोर्चा मैदान में : सरोज पांडेय

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे ने कहा, कांग्रेस पार्टी के नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के ऊपर अभद्र टिप्पणी करते हैं। यह मातृशक्ति का अपमान है। मोहब्बत की दुकान चलाने वाले उस दुकान में अपशब्द बेचते और नफरत फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता देश के प्रधानमंत्री के ऊपर लगातार लांछन लगाया और लगातार झूठ बोला।

### मां का अपमान कांग्रेस की असली पहचान : विभा

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा, आज महिलाएं अपनी अस्तित्व की लड़ाई के लिए यहां आई हैं। आज हम सब एक मिशन को लेकर एकत्रित हुए हैं। आज हम यहां राहुल गांधी को चेतावनी देने के लिए आए हैं। महापौर मीनल चौबे ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिनका सम्मान आज पूरा विश्व कर रहा है ऐसे प्रधानमंत्री के बारे में अनर्गल टिप्पणी विपक्षी कांग्रेस पार्टी के द्वारा की गई है यह लोकतंत्र का अपमान है। कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी, कमलेश जांगड़े, संध्या परगनिया, हर्षिता पांडेय, महापौर संजू राजपूत, पूजा विधानी, श्रीमती मंजूषा भगत, विधायक शकुंतला पोर्ते, पूर्व अध्यक्ष शालिनी राजपूत, प्रदेश प्रवक्ता, डॉ किरण बघेल, पार्षद स्वप्निल मिश्रा, कृतिका जैन, साधना प्रमोद साहू, शकुंतला साहू सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथ में युवा मोर्चा सहित सभी मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

### फूल लेकर तैयार खड़ी थी कांग्रेसी कार्यकर्ता

भाजपा महिला मोर्चा के राजीव भवन घेराव को लेकर कांग्रेस ने भी तैयारी करके रखी थी। जहां एक तरफ मुख्य द्वार पर मोहब्बत की दुकान का पोस्टर लगाकर रखा था। वहीं कांग्रेस की महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता मुख्य द्वार पर ही महिला मोर्चा की महिलाओं का स्वागत करने के लिए फूल लेकर तैयार खड़ी थीं। महिला मोर्चा की कुछ कार्यकर्ता राजीव भवन तक पहुंचने में सफल हो गईं तो उनको कांग्रेसी नेत्रियों से हार पहनाकर स्वागत किया। बाद में महिला पुलिस ने उनको वहां से पकड़कर हटाया।

---

# बैज ने कहा- बाढ़ पीड़ितों को समय पर राहत पहुंचाने में नाकाम सरकार, दें विशेष पैकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कई मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उनका आरोप है कि सरकार बाढ़ प्रभावितों को राहत देने के नाम पर मजाक कर रही है। कुछ एक लोगों को एक लाख बीस हजार का चेक देकर सरकार वाहवाही लूट रही है, जबकि बस्तर की सच्चाई कुछ और है। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के लिए विशेष पैकेज की मांग की है। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि कांग्रेस पार्टी भी बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में कहा, पूरे बस्तर में पिछले एक हफ्ते में बारिश ने जो कहर बरपाया है, ऐसा मंजर पिछले 100 साल में देखने को नहीं मिला। यह बड़ी त्रासदी है, जो बस्तर के लोगों को झेलनी पड़ रही है। बरसात ने सड़कों, पुल-पुलियों को तबाह किया ही है, आम आदमी की रोजी-रोटी के साधन खेती-बाड़ी सभी बर्बाद हो गये हैं। लगातार तीन दिनों तक बस्तर दंतेवाड़ा एवं अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर हमने सभी जगह की स्थिति देखी, लोग बहुत परेशानी में हैं, खाना, पीना, दवाइयां कुछ भी उनके पास नहीं है।



### दो दर्जन से अधिक गांवों का दौरा

उन्होंने बताया कि बांगापाल, बड़े तुमनार, दंतेवाड़ा, आवराभाटा, सुरभि कॉलोनी, बालपेट (भैरमबद) का दौरा किया। छोटी टिफरा, मांदर, नेगानार, चित्रकोट, हारमपारा, बास्तानार, बड़े किलेपाल, छोटे किलेपाल, बड़े काकलूर, कुमार साडरा, बोधेनार सहित दर्जनों गांव का दौरा किया। बालपेट हाईस्कूल व (भैरमबद) के राहत शिविर भी गया था, पीड़ितों से मुलाकात की। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि जो राहत सामग्री मिल भी रही है, तो वो नाकाफी है। कुछ को मिला, तो कुछ को नहीं।

---

**एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ के प्रावधान से करें मदद : डॉ. महंत**

# सीएम को महंत का पत्र, कहा- बस्तर की जनता आपदा से त्रस्त, उन्हें तत्काल दें राहत मुआवजा



छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा, बस्तर संभाग में लगातार हुई भीषण वर्षा के कारण गंभीर बाढ़ की स्थिति है। जन-जीवन पर इससे गहरा असर पड़ा है। हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं, किसानों की फसलें नष्ट हुई हैं, मकान व संपत्तियों को अपार क्षति पहुंची है। अनेक ग्रामीण आज भी सुरक्षित आश्रय और भोजन-पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुर्भाग्यवश, जिला प्रशासन की ओर से अपेक्षित तत्परता और सहयोग अब तक दिखाई नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ विशेष रूप से एक आदिवासी बहुल प्रदेश है जहां जनजीवन मुख्यतः वनसाधनों पर निर्भर रहता है। ऐसी स्थिति में जब फसलें और जंगल दोनों जलमग्न हो जाते हैं, तो आदिवासी भाइयों-बहनों के सामने भोजन, दवाइयों और आजीविका की भारी समस्या खड़ी हो जाती है। बरसात के मौसम में बीमारियों का फैलना, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां और सर्पदंश की आशंका भी बड़ी चुनौती है। यह केवल आर्थिक हानि का प्रश्न नहीं है, बल्कि जन-जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा का प्रश्न है। इस संकट से निकलने के लिए तत्काल और प्रभावी हस्तक्षेप आवश्यक है।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग.**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांकः- 02/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-धनेली-दो प.ह.न.-81 रा.नि.मं - रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदक **मुफद्दल जमाल पिता जाकिर हुसैन निवासी जमाली विला, बंगाली कालोनी, आमानाका रायपुर छ.ग.** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर. 2/82 रकबा 0.1530 हे.** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. .... / क/ वाचक / तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 20/08/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक **10/09/2025** को किया जाना नियत है।

अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-18**

---

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

**// शपथ पत्र //**

मैं वंदना लालवानी, पति श्री प्रहलाद कुमार लालवानी निवासी फाफाडीह, ममता पोहा मिल के पीछे, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ. ग.) निम्न शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि :-

01.यह कि, मेरा नाम एवं पता उपर लिखे अनुसार सत्य एवं सही है।

02.यह कि, मेरे बैनामा और पुराना वोटर आईडी मे मेरा नाम माया देवी लालवानी (MAYADEVI LALWANI) अंकित है जो कि पूर्व का नाम है।

03. यह कि, मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक के दस्तावेजो में मेरे नाम वंदना लालवानी (VANDANA LALWANI) अंकित है जो कि सत्य एवं सही है।

04. यह कि, मैं वर्तमान मे वंदना लालवानी (VANDANA LALWANI) के नाम से जानी व पहचानी जाती हुं तथा अपने सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय अभिलेखो मे दर्ज करवाना चाहती हूं, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष मेरे द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है।

05. यह कि, उपरोक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र पेश कर रही हूँ। **शपथकर्ती**

**// सत्यापन //**

मैं शपथकर्ती आज सत्यपित करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र में उल्लेखित बिन्दु क्रमांक 01 से 05 तक तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान के अनुसार सही व सत्य है व आज दिनांक . . .को मुकाम रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ।

स्थान- रायपुर (छ.ग.) **वंदना लालवानी**
दिनांक- ...... **शपथकर्ती**

---

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धरमपुरा रायपुर में ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट -32/03 को श्री राजेश भोजवानी पिता स्व. श्री हरीराम भोजवानी पता - न्यू शांति नगर रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पूर्ण राशि जमा कर दिनांक 05.06.2023 को लीजडीड निष्पादित कराया गया है, एवं कार्यालयीन पत्र क्रमांक 5062 दिनांक 10.09.2023 के द्वारा आधिपत्य आदेश जारी किया गया है। वर्तमान में श्री राजेश भोजवानी पिता स्व. श्री हरीराम भोजवानी के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति उर्मिला डागा पति श्री पुरूषोत्तम लाल डागा पता- फ्लैट नं. बी-602 लालगंगा रिगालिया कलर्स मॉल के पीछे पचपेड़ी नाका टिकरापारा रायपुर (छ.ग.) को विक्रय के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः धरमपुरा रायपुर में ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट-32/03 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

---

**:: आम सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता श्री 1. एजाज अहमद 2. शहजाद दोनों के पिता अनवारूल हक निवासी अमन नगर रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले ने विक्रेता जनाब मौलाना मोहम्मद मुकीमुल कादरी पिता जनाब मौलाना मोहम्मद अजुमूल कादरी निवासी छोटा पारा मस्जिद के पास रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित आवासीय भूमि जिसका खसरा न. 512/15 रकबा 1500 वर्गफुट पर बना निवास का एक मंजला पक्का मकान लेंटर वाला है। जो वाके मौजा मोवा (अमन नगर) प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, निगम शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण, निगम आदि को किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र मे स्वीकार नही किया जायेगा। सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर
दिनांक 02/09/2025 **भवदीय**
**रितेश सिंह ठाकुर अधिवक्ता**
**पता- सिविल कोर्ट रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 99073 11788**

---

**// ईश्तहार //**

नामंतरण प्र.क्र. 21963/न.पा.नि./ जोन क्रं 10 /2025 रायपुर, दिनांक 01-09-2025
वार्ड का नाम- 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651J01239 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती Anpurna soni, Devendra kumar soni, Amit kumar soni पिता/पति श्री/ श्रीमती Ram Kumar Soni के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती Vivek Kumar Mishra पिता/ पति श्री/श्रीमती Panna Lal Mishra ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

"सूचना जारी करे" **श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर, जोन-10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the General Public that I, Prerna Kumari D/O Prasun Kumar Jha resident of 814/43 Near vidhyapati bhawan, Sonkar para, Purani basti, RAIPUR (C.G.) have changed my old name Prerna Kumari D/O Prasun Kumar Jha.

So in future, I should be recognized by my new name that is Prerna Thakur W/O Akashdeep Thakur in all Government and other documents.

**Prerna Thakur**
**H.No 814/43, Near vidhyapati bhawan, Sonkarpara, Purani basti, RAIPUR (C.G.)**
**Pin No.-492001**

---

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं प्रेरणा कुमारी पिता प्रसून कुमार झा निवासी 814/43 विद्यापति भवन के पास सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम प्रेरणा ठाकुर पति आकाशदीप ठाकुर रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम प्रेरणा ठाकुर पति आकाशदीप ठाकुर से ही जाना पहचाना जाये।

**प्रेरणा ठाकुर**
**814/43 विद्यापति भवन के पास, सोनकर पारा, पुरानी बस्ती, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**पिन-492001**

---

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, **CHANDRIKA PRASAD AWASTHI S/O PANNA LAL AWASTHI** निवासी HOUSE NO. 181/60 PARMESHWARI CHOWK, NEAR SHIVOM VIDYAPEETH, GANPATI NAGAR, NEW CHANGORABHATA, RAIPUR (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **CHANDRIKA AWASTHI S/O PANNA LAL AWASTHI** रख लिया है । अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम **CHANDRIKA AWASTHI S/O PANNA LAL AWASTHI** से ही जाना पहचाना जावे ।

**CHANDRIKA AWASTHI**
**HOUSE NO. 181/60 PARMESHWARI CHOWK, NEAR SHIVOM VIDYAPEETH, GANPATI NAGAR, NEW CHANGORABHATA, RAIPUR (C.G.)**

---

**पगड़ी रस्म**

। नैनं छिद्रन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
।। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।



**स्व. श्रीमती सुलोचना देवी बजाज**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पढ़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी **श्रीमती सुलोचना देवी बजाज** (धर्मपत्नी स्व. श्री भगवती प्रसाद बजाज) का स्वर्गवास 22.08.2025, दिन शुक्रवार को हो गया है ।

**कार्यक्रमः बुधवार, दिनांक 03.09.2025**
**प्रसादी- दोपहर 12.30 बजे से 3 बजे तक, पगड़ी रस्म - शाम 4 बजे,**
**स्थान - श्रीराम मंदिर, वीआईपी रोड, रायपुर**

**संस्थान :-**
- रायपुर सेल्स कॉर्पोरेशन (इंडिया), रायपुर
- बी.के. सेल्स, रायपुर
- भगवती सुलोचना ऑटोमोटिव्स, रायपुर
- विकास एंटरप्राइज़, नागपुर
- श्री भगवती ल्यूब्स एंड ट्रेक्टर्स, नागपुर
- विकास इंटरप्राइजेस, कोल्हापुर
- अंकित ऑटोमोबाईल्स, इंदौर
- थंडर स्ट्राइक, इंदौर
- एथेना वर्ल्ड स्कूल, रायपुर
- बी.आर. ग्रीन फील्ड प्रा.लि., रायपुर

**शोकाकुल :-**
स्व. विजय, अजय, जय बजाज (पुत्र)
कैलाश, किशन, विनय बजाज (भतीजे)
विकास विजय, अमित, विशाल, अंकित, अंकुर बजाज (पौत्र)
विवान, वेदाचल, श्रीराम, शिवेन, तन्मय, क्रिदय, किआन (परपौत्र)
एवं समस्त बजाज परिवार

MAHESHWARI

**HEALTH TOWN**

**रामकथा**
**आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल**
**डॉ. संतोष जायसवाल**
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जिला स्तरीय समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान का शुभारम्भ, नेत्रदान पर भी जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय आरंग में समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम मे नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष हीरामन कोसले, सभापति पार्षदगण भानुमति राकेश सोनकर, नरेंद्र लोधी, पार्षद संतोष लोधी, वीरेंद्र कण्डरा के आथित्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजयलक्ष्मी अनंत ने इस अभियान को जागरूकता भरी पहल बताया। वही विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने ज्यादा मोबाइल के प्रयोग से आंखों से पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं जीते जी रक्तदान एवं मृत्यु उपरांत नेत्रदान को महादान बताया। साथ ही जिला सहायक नोडल अधिकारी (अंधत्व) राजेंद्र यादव ने बताया की इस अभियान मे प्रथम चरण सितंबर माह मे सभी पूर्व माध्यमिक शालाओं मे शत प्रतिशत विद्यार्थीयों की सम्पूर्ण नेत्र परीक्षण किया जायेगा। जिन बच्चों को दृष्टिदोष पाया जायेगा उनका चश्मा जांच कर द्वितीय चरण अक्टूबर माह मे निशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। उन्होंने 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े की जानकारी दी एवं कहा कि नेत्रदान मृत्यु के बाद किया जाता है तथा इस धारणा को गलत बताया कि नेत्रदान करने से आने वाली पीढ़ी में दृष्टिहीन पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि नेत्रदान का संकल्प ले पंजीयन कराए एवं इस पुनीत कार्य के प्रचार प्रसार पर भी बल दिया।

## बाल नेत्र सुरक्षा अभियान में स्कूलों के 13,124 छात्रों का परीक्षण



### ये रहे उपस्थित

नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नौरंगे ने बताया की आरंग विकास खंड के 124 मिडिल स्कूल के 13124 छात्र -छात्राओं का इस बीच परीक्षण किया जायेगा। ब्लॉक के सभी नेत्र सहायक अधिकारी कार्ययोजना अनुसार सभी स्कूलो मे जाकर नेत्र परीक्षण करेंगे। इस अवसर प्राचार्य हरीश शर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी अन्नपूर्णा वर्मा, महेश चंद्राकर, अश्वन टंडन व शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरविंद वैष्णव द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप



### महामाया पारा में विराजित बाल गणेश को देखने उमड़ी भीड़

**आरंग।** आरंग के महामाया पारा में मां महामाया गणेशोत्सव समिति द्वारा विराजित भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमा सबका मन मोह रही है। इस बार बाल गणेश का कृष्ण स्वरुप और राधा रानी की चमक आरंग सहित आसपास के श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। समिति के सदस्यो ने बताया कि मां महामाया गणेशोत्सव समिति द्वारा हर वर्ष प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस बार भगवान गणेश श्री कृष्ण के स्वरूप में राधा रानी के साथ विराजित है। प्रतिमा की सुंदरता और मासूमियत देखते ही बनता है। गणेश चतुर्थी के दिन से ही बड़ी संख्या में लोग इस अलौकिक प्रतिमा के दर्शन करने आ रहे है।

### सांकरा में निःशुल्क सायकिल का वितरण

**सिलयारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा, जिला रायपुर में शासन की योजना के तहत निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा नवमी के 49 पात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं, जिससे वे बेहद खुश और उत्साहित नजर आईं। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद सदस्य प्रतिनिधि अजीत सायतोड़े ने किया। इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष नोहर वर्मा, पंच दीना सायतोड़े, पूर्व पंच कोमल डहरिया, और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। छात्राओं ने साइकिलें प्राप्त करने के बाद अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि यह उन्हें स्कूल आने-जाने में मदद करेगी। कार्यक्रम के आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि शासन की योजनाएं छात्राओं के विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस पहल से न केवल छात्राओं को परिवहन की सुविधा मिली है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाने में सहायक साबित होगी। सभी उपस्थित जनों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया।

### निधन

**घनश्याम चंद्राकर**

**आरंग।** ग्राम भिलाई निवासी 66 वर्षीय घनश्याम चंद्राकर का



रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे भेखलाल चंद्राकर के पुत्र, अहिल्या चंद्राकर के पति, हेमंत व शैलेष चंद्राकर के पिता थे।

## मांग : मंदिर हसौद में सार्वजनिक मार्ग पर अवैध चखना दुकान से लोगों में रोष

# अवैध चखना दुकानों को बंद करने की मांग को लेकर आबकारी उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग /चंदखुरी

- अवैध चखना दुकानों को हटाने की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

मंदिर हसौद राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कंपोजिट शराब भट्टी हेतु प्रस्तावित चकना दुकान से भिन्न अन्यत्र स्थान (लोक मार्ग-सार्वजनिक स्थान, नकटा मोड) पर संचालित अवैध चखना दुकानो पर तत्काल कार्यवाही कर उन्हें बंद कराए जाने एवं इन पर नियमानुसार शास्ती अधिरोपित किए जाने कि मांग को लेकर क्षेत्रीय पार्षद अधिवक्ता अनुज मिश्रा, पार्षद राकेश जायसवाल, पी.आई.सी सदस्य, पार्षद राकेश मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने लिखित शिकायत कर आबकारी उपायुक्त रायपुर, थाना प्रभारी मंदिर हसौद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद, आबकारी उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग को ज्ञापन जारी कर तत्काल इस अवैध चखना दुकान पर कार्यवाही कर हटाए जाने कि मांग कि है अन्यथा कि स्थिति में उग्र आंदोलन कि चेतावनी दी गई है। विदित हो कि, मंदिर हसौद राष्ट्रीय राजमार्ग, नकटा मोड स्थित कंपोजिट शराब भट्टी जहां उक्त शराब भट्टी के पीछे चखना दुकान हेतु पर्याप्त स्थान/कंपाउंड उपलब्ध है, तथा पूर्व में हमेशा से इसी रिक्त स्थान पर चखना दुकान संचालित होते आ रहा है। किंतु वर्तमान में उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित चखना दुकान नकटा मोड के दाएं तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तालपत्री बांधकर निजी प्लॉट में संचालित हो रही है जहां से गांधी ग्राम नकटा गांव कि स्कूली बच्चों एवं कामगार महिलाओं का आना-जाना हमेशा लगा रहता है। शराबियों द्वारा शराब खरीदकर सीधे इसी अवैध चखना दुकानो पर शराब सेवन करने आते है और महिलाओं एवं बच्चों तथा सामान्य राहगीरों संग नशे में अभद्र व्यवहार कर अनावश्यक उन्हें टीका टिप्पणी से परेशान किया जाता है, जो लोगों के तनाव का कारण बन रहा और कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है जिसका समय रखते बचाव किया जाना आवश्यक है। इस प्रकार चल रहे अवैध चखना दुकानो को तत्काल बंद कराया जाना अति आवश्यक है, तथा शराब दुकान के पीछे जहा पूर्व से चखना दुकान संचालित हो रहा था उसी स्थान पर वर्तमान में भी यथावत चखना दुकान संचालित किया जावे।




# पुलिस ने किया जाली तार चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा



किसान की लोहे नुमा जालीतार चोरी करने वाले 04 आरोपियों को तिल्दा पुलिस नें किया गिरफ्तार प्रार्थी ने पौधो की सुरक्षा के लिये लगाया था जाली तार का घेरा जाली तार 02 बंडल कीमत 06 हजार रुपये व आरोपियों द्वारा चोरी की घटना में प्रयुक्त मो0सा0 कीमत लगभग 70 हजार रुपये जप्त किया गया। प्रार्थी गजाधर साहू निवासी सरोरा के द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने कृषि भूमि में नीलगिरी पौधा लगाया है जिसकी सुरक्षा के लिये 04 बंडल लोहे की जाली तार खरीदकर पौधे की सुरक्षा के लिये खेत के चारो तरफ लगाया था एवं लगाये गये जाली तार में से 02 बंडल नही था कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया, रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव के ईश्वर रात्रे उर्फ तोतरा पिता गिरधर उम्र 24 वर्ष, व उसके साथी भगवती चेलक उर्फ राजू पिता बैसाखू 39 वर्ष, गोपी बघेल पिता नरेंद्र बघेल उम्र 30 वर्ष, शिवकुमार टंडन उर्फ धन्नू पिता रूपचंद उम्र 32 वर्ष सभी ग्राम सरोरा निवासी को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार किये जाने पर उनके कब्जे से चोरी किये गये 02 बंडल जाली तार जिसे आरोपियों द्वारा चोरी के बाद तालाब मे डाल कर छुपा दिया था व घटना में प्रयुक्त किया गया दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 पी.एच. 9601 को जप्त किया गया और आरोपियो को धारा 303(2) ,3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त कर जेल दाखिला कारवाया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा निरीक्षक रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में थाना तिल्दा नेवरा के उप निरीक्षक पी0आर0 साहू, आरक्षक संदीप सिंह, दीपक सेन, जितेन्द्र सोनी के द्वारा अपराध कायमी के महज कुछ ही घण्टे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई।

## गोढ़ी में सीसी रोड व जैतखाम सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग



ग्राम गोढ़ी में विकास कार्यों की नई शुरुआत करते हुए सोमवार को सीसी रोड निर्माण मुख्य रोड से नेहा सोनवानी के घर तक व गोपाल वर्मा के घर तक एवं जैतखाम सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच नेहा सोनवानी सहित सभी पंचगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष कुलेश्वर बैस विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने ग्राम के समग्र विकास हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। भूमिपूजन अवसर पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सीसी रोड बनने से आवागमन में सुविधा होगी और जैतखाम सौंदर्यीकरण से ग्राम की धार्मिक आस्था व सांस्कृतिक पहचान और प्रगाढ़ होगी। सरपंच नेहा सोनवानी ने कहा कि ग्रामवासियों के सहयोग से गांव में एक के बाद एक विकास कार्य प्रारंभ हो रहे हैं और आने वाले समय में गांव को आदर्श ग्राम बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## अवैध मुरुम उत्खनन पर कार्रवाई 2 जेसीबी और चार हाईवा जब्त



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के समीपस्थ ग्राम छपोरा में अवैध उत्खनन करते दो जेसीबी वाहन एवं चार हाईवा वाहन को किया गया जप्त। तिल्दा ब्लॉक में जमकर अवैध उत्खनन का कार्य किया जा रहा है जहां पर एसडीएम आशुतोष देवांगन, नायब तहसीलदार विपिन पटेल के नेतृत्व में तिल्दा ब्लॉक के ग्राम छपोरा में छापा मारकर अवैध मुरूम उत्खनन करते दो जेसीबी वाहन एवं चार हाईवा वाहनों को जप्त किया गया है और उक्त वाहनों को अग्रिम कार्यवाही के लिए नेवरा थाना में खड़ी किया गया है।वही देर शाम माइनिंग विभाग की टीम भी तिल्दा क्षेत्र पहुंचकर जांच पड़ताल की है। माइनिंग अधिकारी श्रुति निगम के नेतृत्व में टीम के सुनीलदत्त शर्मा, जितेंद्र केशवानी, जितेंद्र वर्मा, रूपेंद्र चंद्राकर ने पहुंचकर कई स्थानों पर निरीक्षण किया।

# गणपति बप्पा को अर्पित किया जाएगा छप्पन भोग, करेंगे महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

छात्र संघ गणेशोत्सव समिति आरंग द्वारा गणेश चतुर्थी महोत्सव के अंतर्गत अष्टम दिवस पर आज भव्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गणपति बप्पा की विशेष महा आरती, छप्पन भोग अर्पण तथा दूर्वा पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि अष्टम दिवस के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। गणेशमूर्ति स्थापना पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। भक्तों के लिए छप्पन भोग की थाल सजाई जाएगी जिसे महाप्रसाद स्वरूप वितरित किया जाएगा। दोपहर में वेद-मंत्रोच्चारण के बीच दूर्वा पूजन संपन्न किया जाएगा। मान्यता है कि दूर्वा गणेश जी को प्रिय है और इसके पूजन से विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं। वहीं शाम को भव्य महा आरती का आयोजन होगा, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति ने समस्त नगरवासियों व श्रद्धालुओं से इन कार्यक्रमों में शामिल होकर पुण्यलाभ लेने का आह्वान किया है।



## धान पंजीयन से चूके किसान, उपज बेचने में होगी दिक्कतः छाया वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा

पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने आज एक बयान जारी कर कहा कि तिल्दा नेवरा, धरसीवा सहित पअधिकांश शहरी क्षेत्र में धान बेचने हेतु किसानो का पंजीयन नहीं हुआ है, पंजीयन की आखिरी तारीख 30 अगस्त थी। जहां कई शहरी क्षेत्र में किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है क्योंकि पंजीयन वाला पोर्टल बंद है। साथ ही कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूर्ण रूप से किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है, उन्होंने सवाल उठाया है कि राज्य की भाजपा सरकार किसानों पर नए-नए नियम थोप रही है जिसके चलते किसान अपनी उपज बेचने में असमर्थ हैं, उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा की सबसे पहले किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ा उन्हें खाद नहीं मिल पाया। जबकि भारी दामों में खुले बाजार में खाद मिल रहा है और ऊंचे कीमतों में किसानों को खाद लेना पड़ा था है, वहीं अब किसानों को धान बेचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, राज्य सरकार 3100 रुपए में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कि घोषणा तो कर ली है लेकिन नए नियमों से किसान फिर परेशान हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कई शहरी क्षेत्र में किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है। तिल्दा नेवरा सहित सासाहोली, धरसीवा क्षेत्र में धान बिक्री हेतु किसानो का पंजीयन नहीं हुआ है।



## गणेशोत्सव की धूम, आकर्षक पंडालों में उमड़ रही भीड़

**धरसीवां।** धरसीवां क्षेत्र के नगर पंचायत कूंरा सहित आसपास के विभिन्न ग्राम पंचायतों में गणेशोत्सव पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। समिति प्रमुखों सहित श्रद्धालु प्रतिदिन गणेश पंडालों में पहुंचकर हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना में लीन हो रहे हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणेश पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। भव्य सजावट और रोशनी से सजे पंडालों को देखने प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और उत्सव का आनंद ले रहे हैं।

## डॉ. रमन सिंह ने की वहानी स्कॉलरशिप ट्रस्ट की सराहना

# होनहार छात्रों को मिलेगी स्कॉलरशिप, 'वहानी' उठाएगा उच्च शिक्षा का खर्च, छात्र होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा

- वहानी स्कॉलरशिप ट्रस्ट : मेधावी छात्रों के लिए शिक्षा की नई किरण

छत्तीसगढ़ के होनहार छात्रों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वहानी स्कॉलरशिप ट्रस्ट, जो आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्यरत है, अब छत्तीसगढ़ में भी अपनी पहुंच बना रहा है। श्री नितिन गौरी शंकर अग्रवाल के मार्गदर्शन और प्रयास से यह संस्था छत्तीसगढ़ आई है। ट्रस्ट की मैनेजिंग डायरेक्टर, रसमानी सिंह, अपनी टीम सदस्य खुशनुमा परवीन के साथ हाल ही में रायपुर पहुंचीं और उन्होंने भाजपा प्रवक्ता दिनेश अग्रवाल के साथ पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात में रसमानी सिंह ने डॉ. रमन सिंह को ट्रस्ट के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जानकारी दी कि उनका चैरिटेबल ट्रस्ट उन छात्रों के लिए काम करता है जिनके पिता की वार्षिक आय 3 लाख से कम है और जिन्होंने 10वीं कक्षा में 85% या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। ऐसे बच्चों को 12वीं के बाद की पूरी पढ़ाई का खर्च, जिसमें एडमिशन फीस, रहने-खाने का खर्च, आना-जाना और लैपटॉप का खर्च भी शामिल है, यह संस्था वहन करती है। इस ट्रस्ट की नींव रीवा मिश्रा ने रखी थी, जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा के अभाव में पीछे छूट रहे प्रतिभाशाली बच्चों की मदद करना है। यह संस्था हर साल 60 बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान करती है और हर साल 10 अतिरिक्त बच्चों को इसमें जोड़ा जाता है, जिससे अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सकें।




## पेज 09 के शेष...

### दिव्यांग समेत दर्जनभर...

दिव्यांग को नीचे उतारते ही एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जहां उनका चेकअप कराया गया। उनकी हालत अब ठीक बताई जा रही है। हालांकि इस आगजनी से एक व्यक्ति की धुंए के कारण हालत बिगड़ने लगी, जिसे तत्काल एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया, जहां उसका ईलाज जारी है।

### राजधानी में दिनदहाड़े...

**घटना से पुलिस पेट्रोलिंग पर भी उठ रहे सवाल :** इस घटना से पुलिस की पेट्रोलिंग पर भी सवाल उठने लगा है। पुलिस हमेशा दावा करती है कि पेट्रोलिंग पार्टी नियमित रूप से थाना क्षेत्र के सभी इलाकों में पेट्रोलिंग पर निकलती है, लेकिन शाम करीब 7 बजे हुई लूट की घटना से पुलिस के दावों की पोल भी खुल गई है।

### 4500 रुपए की...

हुए थे, उनके पास आए और उनकी गाड़ी रोक दी। इसके बाद उनमें से एक व्यक्ति ने उज्ज्वल को देशी कट्टा दिखाते हुए उसके जेब में जितने पैसे है निकालकर देने के लिए कहा। जान के भय से उसने 45 सौ रुपए निकालकर दे दिए। रुपए लेने के बाद दोनों आरोपी वाहन में बैठकर भागने लगे। इस बीच उज्ज्वल और उसके साथी ने आरोपियों को पकड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन दोनों फरार हो गए।

### स्नातक स्तर पर...

नोटिफिकेशन के अनुसार, ग्रेज्यूएशन करने वाले छात्रों को पहले तीन साल तक हर साल 12,000 रुपए मिलेंगे, वहीं पोस्ट-ग्रेज्यूएशन करने वाले छात्रों को 20,000 रुपए प्रतिवर्ष की आर्थिक मदद दी जाएगी।

31 अक्टूबर तक दे सकेंगे अर्जी

सीबीएससई की ओर से ऑनलाइन सीएसएसएस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एकेडमिक ईयर 2025-26 की स्कॉलरशिप के रिन्यूअल और नई स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। स्कॉलरशिप रजिस्ट्रेशन के लिए इच्छुक छात्र नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड के अनुसार, पैसों की दिक्कत के कारण ऐसे कई होनहार छात्र हैं जो आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। ऐसे में पैसों को लेकर मेधावी युवाओं की पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आए इसलिए यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम चलाया जा रहा है।

### इस बार माना...

के बाद देर रात भी बूंदाबांदी का दौर चलता रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अभी मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, दतिया, सीधी, झारसुगुड़ा, पुरी, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है। सोमवार 3 सितंबर को अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः रायपुर संभाग और दुर्ग संभाग की जिले संभावित है। पिछले चौबीस घंटे में नानगुर में 13, दंतेवाड़ा में 11, छिंदगढ़ में 6, गंगालूर, बालोद, बड़े बचेली, बास्तानार, बीजापुर में 5-5 सेमी., दरभा,, दोरनापाल सहित अन्य इलाकों में चार सेमी. तक बारिश हुई। मंगलवार को रायपुर के अलावा प्रमुख स्टेशन पेंड्रा, अंबिकापुर, जगदलपुर में भी बारिश दर्ज की गई।

# छोटे स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव बना सहूलियत का जरिया, पहले दिन से बुकिंग में तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छह साल बाद मंडल और ज़ोन के छोटे स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव फिर से शुरू हो गया है। इससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। अब हथबंद, बिल्हा और देवबलोदा, चरौदा स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव मिलने लगा है। पहले ही दिन से इन स्टेशनों पर यात्री एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर करने लगे हैं।

■ लंबी दूरी की ट्रेन पकड़ने अब मुख्य स्टेशन जाने की झंझट हुई दूर, समय और पैसे दोनों की बचत

## यात्रियों ने रेलवे के सहयोगात्मक निर्णय के लिए आभार किया व्यक्त

### दैनिक यात्रियों ने रेलवे को कहा धन्यवाद

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 52 ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव देने का निर्णय यात्रियों के लिए राहत भरा साबित हो रहा है। यात्रियों ने रेलवे के इस सहयोगात्मक निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया है। न्यू छत्तीसगढ़ स्कूल, हथबंद की प्रधान अध्यापिका एवं समाजसेविका अखिलेश्वरी शुक्ला, जो दैनिक यात्रियों की प्रतिनिधि के रूप में सामने आईं, उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर मंडल रेल प्रबंधक को औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी से भी मुलाकात की और ट्रेनों के ठहराव से यात्रियों को होने वाली सुविधाओं, समय की बचत और सामाजिक प्रभावों पर सकारात्मक चर्चा की।



### स्टेशनों में ट्रेन का हुआ स्वागत

1 सितंबर को पहली बार हथबंद रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रुकने पर दैनिक यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। स्टेशन पर यात्रियों ने उत्साह और जोश के साथ रेलवे का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि इन स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव से नौकरीपेशा वर्ग, रायपुर में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले युवा और व्यापारिक गतिविधियों के लिए आने-जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। बिल्हा रेलवे स्टेशन पर बिलासपुर–नागपुर इंटरसिटी, सारनाथ, शालीमार और शिवनाथ एक्सप्रेस का ठहराव शुरू किया गया है। वहीं हथबंद स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और देवबलोदा चरौदा स्टेशन पर एलटीटी–शालीमार एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है। छोटे स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों की यह सुविधा स्थानीय यात्रियों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध हो रही है।

बिल्हा स्टेशन पर चार ट्रेनों के ठहराव से रोजाना करीब 70 से 80 यात्री सफर करने लगे हैं, जबकि हथबंद से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में दर्जनों यात्री चढ़-उतर रहे हैं। लंबी दूरी से आने वाले यात्रियों को अब रायपुर मुख्य स्टेशन तक पहुंचने के लिए अलग से बस या ऑटो लेने की जरूरत नहीं पड़ रही है, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि छोटे स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों का यह ठहराव स्थानीय व दैनिक यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी और सुविधाजनक साबित हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य शिविर 7 को बृजमोहन ने किया पोस्टर का विमोचन

रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं सिंधु डॉक्टर फोरम के संयुक्त तत्वावधान में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 7 सितंबर को लगाया जाएगा। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल एवं दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल के साथ, बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने पोस्टर का विमोचन किया। साथ में चौबीस पंचायतों के मुखिया का सहयोग एवं निशुल्क सेवा स्वास्थ्य शिविर में रहेगी। सिंधु डॉक्टर फोरम के डॉ. अजीत शदाणी और डॉ. विनोद आहूजा ने कहा, 25 डॉक्टरों की टीम और सिंधु डॉक्टर फोरम की उपस्थिति रहेगी, जो अपनी सेवा स्वास्थ्य शिविर में देंगे। मुख्य रूप से समाजसेवी किशोर आहूजा, गुरनामल रोहड़ा, सोनू साधवानी, अल्पेश पोपटानी, राजकुमार सोनी, गिद्धूराम कुकरेजा, दर्शनलाल सचदेव, नरेश पंजवानी, हरनाम तलरेजा, अमरलाल वालेचा, अजय जयसिंघानी, पंकज चिजवानी, गौरव नागदेव, कमल राजवानी, सुनील कुकरेजा, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, तेजकुमार बजाज, सुशील दरिरा की सक्रिय भागीदारी है।

### छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की आमसभा 11 को

रायपुर। विमतारा स्वदेशी भवन के पास मधु पिल्लै चौक शांतिनगर में 11 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की वार्षिक आमसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगी। आमसभा में मुख्य विषय के अंतर्गत वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25, पूर्व वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट के साथ आगामी वर्ष के लिए अनुमानित बजट का अनुमोदन, चार्टर्ड एकाउंटेंट की नियुक्ति, परिषद द्वारा संचालित बालगृह बालिका, बालगृह बालक, खुला आश्रय बालक माना कैंप, बालगृह बालिका कोंडागांव, वाणी वाचन श्रवण एवं बहु प्रशिक्षण पुनर्वास केंद्र, दिव्यांग बच्चों का प्री-प्रायमरी विशेष स्कूल शिक्षा का मंदिर की गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आगामी योजनाओं के संबंध में चर्चा, पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों का छत्तीसगढ़ सरकार के आयोग-निगम में नियुक्त होने पर उनका सम्मान किया जाएगा।

## निधन

### मुकुल संदीप बेनेट



रायपुर। राजातालाब निवासी मुकुल संदीप बेनेट (61) का 2 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 सितंबर को शाम 4 बजे उनके निवास से सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका अरविंद नगर टिकरापारा के लिए निकलेगी। वे पुष्पा पारुल बेनेट के पति, होमेशू हर्षित बेनेट व दीपल प्रिया बेनेट के पिता और वीनू बेनेट व स्व. नम्रता राम के भाई थे।

### थनवार राम साहू



रायपुर। ग्राम चेरिया निवासी थनवार राम साहू (87) का 31 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे जगेशर, डिगेश्वर, केशव साहू के पिता थे।

## शिशु संरक्षण अभियान में नहीं हो पा रहा शिविर का आयोजन

# हड़ताल ने टीके को समेटा, हेल्थ सेंटर ठप इसलिए जिले में ऐसी भीड़ कि पसीना छूट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भविष्य में होने वाली विभिन्न तरह की गंभीर बीमारी से बच्चों को बचाने किये जाने वाले नियमित टीकाकरण का काम एनएचएम की हड़ताल की वजह से प्रभावित हो गया है। हमर क्लीनिक, यूपीएचसी जैसे स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाला टीकाकरण बंद होने के कारण बच्चों और गर्भवती माताओं की भीड़ जिला अस्पताल में नजर आ रही है। कुपोषण को दूर करने बच्चों को दी जाने वाली विटामिन-ए की खुराक का काम भी जिला अस्पताल के साथ स्वास्थ्य केंद्रों तक सिमट गया है। पर्याप्त संख्या में कर्मचारी नहीं होने की वजह से महीनेभर चलने वाले इस अभियान के लिए विभिन्न स्थानों में शिविर लगाने का काम पूरा नहीं हो पा रहा है।

■ हमर क्लीनिक, यूपीएचसी जैसे स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाएं हो चुकी हैं प्रभावित इसलिए भीड़ जिला अस्पताल में

एनएचएम के संविदा कर्मचारियों की हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवा बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के साथ चलाए जाने वाले टीकाकरण सहित विभिन्न कार्यक्रम भी प्रभावित हो गए हैं। भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारी से बचाने के लिए गर्भवती माताओं और छोटे बच्चों को रायपुर जिले में हर माह औसतन पांच हजार टीके लगाए जाते हैं जो पिछले 15 दिन की हड़ताल के कारण तीन हजार तक हो पाया है। प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधा नहीं होने की वजह से भीड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जिला अस्पताल पहुंचकर लंबी लाइन लगाकर टीका लगवा रही है। इसी तरह विभाग द्वारा 29 अगस्त से कुपोषण के खिलाफ शिशु संरक्षण माह की शुरुआत की गई थी। योजना के अनुसार इस अभियान में विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जानी थी। कर्मचारियों के संकट की वजह से शिविर लगाने का काम पूरा नहीं हो पा रहा है, इसलिए हेल्थ सेंटरों में मौजूद नियमित स्टाफ के भरोसे इस काम को पूरा किया जा रहा है। इसी वजह से मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी में टीका लगवाने वालों की लंबी लाइन लग रही है।



### नियमित जांच भी प्रभावित

गली-मोहल्ले में खोले गए हमर क्लीनिक के माध्यम से क्षेत्र में रहने वाले लोगों की जांच के साथ निशुल्क बीपी-शुगर सहित अन्य दवाओं का वितरण किया जाता था। प्रत्येक हमर क्लीनिक में औसतन पचास की संख्या में मरीज आकर जांच और दवा का लाभ उठाते हैं। यहां ज्यादातर संविदा कर्मचारियों (एनएचएम) की नियुक्ति की गई है, उनके हड़ताल पर जाने की वजह से वहां उपचार व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। स्थानीय लोगों को अपनी जरूरी दवाएं खरीदनी पड़ रही है या फिर बड़े अस्पताल जाकर लेना पड़ रहा है।

### डेटाबेस कार्यक्रम भी प्रभावित

हड़ताल की वजह से स्वास्थ्य संचालनालय से लेकर सीएमएचओ कार्यालय में होने वाले डेटाबेस काम भी प्रभावित हुआ है। विभाग विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का डेटा तैयार नहीं कर पा रहा है। इसके अलावा वहां होने वाले विभिन्न प्रशासनिक काम भी लंबे समय से अधूरे पड़े हैं। विभागीय स्तर पर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की चेतावनी जारी की गई, मगर इसका भी कोई खास असर उनके आंदोलन पर होता नहीं दिख रहा है।

# कोल लेवी घोटाला मामले में ईडी ने की नीरज पहलाजानी से कई घंटे पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बहुचर्चित 570 करोड़ रुपए के कोयला लेवी घोटाले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने और तेज कर दी है। इस जांच में अब एक नया मोड़ आया है, जिसमें ईडी रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने गायनेकोलाजिस्ट डॉ. नीरज पहलाजानी से भी कई घंटे पूछताछ की है। डा. पहलाजानी अनुपम नगर स्थित माता लक्ष्मी नर्सिंग होम के संचालक हैं। इस मामले में डा. पहलाजानी पर सूर्यकांत तिवारी से एक करोड़ रुपए लेने का आरोप भी है। सूत्र के अनुसार सोमवार सुबह 11 बजे ईडी की टीम अनुपम नगर स्थित डा. पहलाजानी के अस्पताल सह निवास पहुचे थे। यहां सुबह से लेकर शाम तक डा. नीरज से अधिकारियों ने पूछताछ की। सूत्र के अनुसार इस पूछताछ में ईडी के हाथ कुछ अहम तथ्य मिले है, जिसका खुलासा ईडी जल्द ही कर सकती है। यह भी बताया जा रहा है कि ईडी की पूछताछ के दौरान डा. पहलाजानी ने अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट और कर सलाहकारों से परामर्श के लिए दो दिन का समय मांगा, साथ ही जांच के दायरे में आने वाले लेन-देन से जुड़े कई बैंक खातों का हवाला दिया। ईडी की इस पूछताछ से यह तय हो गया है कि कोयला लेवी घोटाला में कहीं न कहीं डा. पहलाजानी की भी भूमिका संदिग्ध रही है। हालांकि इसका खुलासा ईडी की जांच में ही होगा।

### कोयला लेवी घोटाले की मनी लॉड्रिंग में कई प्रोफेशनल्स की भूमिका

ईडी की अब तक की जांच में इसका खुलासा हो चुका है कि कोयला लेवी घोटाले की मनी लॉड्रिंग में कई प्रोफेशनल्स की भूमिका रही है। ऐसे लोगों की भूमिका को देखते हुए ईडी को संदेह है कि प्रोफेशनल चैनल में ऐसे कई चेहरे हो सकते हैं, जिनके बीच मनी लॉड्रिंग हुई है।

### जांच से अस्पतालों में हलचल

यह पहली बार है जब ईडी इस मामले की जांच करते हुए किसी बड़े निजी अस्पताल तक जा पहुंची है। शहर के कई डॉक्टर अपनी कमाई और वित्तीय लेन-देन को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं, लेकिन अब कोल स्कैम में नाम आना चिकित्सा क्षेत्र की प्रतिष्ठा पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

### आयुष मिशन का शिखर सम्मेलन, छग नोडल के रूप में नामित

रायपुर। आयुष मंत्रालय दिल्ली के सरिता विहार स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में बुधवार से दो दिवसीय 'राष्ट्रीय आयुष मिशन और राज्यों में क्षमता निर्माण' विषयक विभागीय शिखर सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय आयुष एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव करेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आयुष क्षेत्र की नीतियों, योजनाओं और अनुभवों पर साझा मंच प्रदान करना है। 'आयुष का आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एकीकरण' उप विषय पर छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, ओडिशा, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश को शामिल कर कार्य समूह का गठन होगा। इसके समन्वय के लिए छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश को नोडल राज्य के रूप में नामित किया गया है।

# ओडिशा से रायपुर होते हुए बिहार ले जा रहे थे 28 किलो गांजा, आरपीएफ ने दो तस्करों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गांजा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को आरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। रेलवे स्टेशन रायपुर के सेलून साइडिंग क्षेत्र के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को एक ट्रॉली बैग और एक पिट्ठू बैग के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने अपनी पहचान अनीश कुमार शाह, पिता- राजेश शाह, उम्र 19 वर्ष, निवासी- ग्राम तरैया, शिव मंदिर के पास, थाना- तरैया, जिला- छपरा, बिहार और दूसरे ने आयुष कुमार सिंह, पिता- मनोज सिंह, उम्र 20 वर्ष, निवासी- ग्राम बुधसी राजपूत, पोस्ट- सिदवालिया, थाना- मोहम्मदपुर, जिला- गोपालगंज (बिहार) के रूप में बताई।

■ 11 बंडलों में छिपा रखा था 28 किलो गांजा, 7 लाख की कीमत का माल जब्त

प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि संयुक्त रूप से दोनों के बैगों की तलाशी लेने पर कुल 11 बंडलों में रखा गया 28 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 7 लाख रुपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे यह गांजा बस के माध्यम से जयपुरी जिला (कोरापुट), ओडिशा से लेकर रायपुर पहुंचे थे। इसके बाद योजना थी कि किसी ट्रेन के जनरल कोच में टिकट लेकर रायपुर से वाया अंबाला (हरियाणा) होकर बिहार पहुंचेंगे, लेकिन इससे पहले ही आरपीएफ ने उन्हें गांजा के साथ धर दबोचा।



### आरोपियों को पकड़ने में आरपीएफ की रही अहम भूमिका

वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रे.सु.ब. रमन कुमार के दिशा निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर के प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर साथ उप निरी डीके शास्त्री, एलपी देवांगन, वीसी बंजारे, बीके राठौर, देवेश, विजय सिन्हा एवं अन्य बल सदस्य साथ आबकारी विभाग रायपुर के जिला आबकारी अधिकारी टैग बहादुर कुर्रे, निरीक्षक प्रकाश देशमुख, निरीक्षक कौशल सोनी के साथ सर्कुलेटिंग एरिया में आरोपियों को धर दबोचा। दोनों आरोपीयो व गांजा को पकड़ने में मुख्य भूमिका रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर की रही है।

# प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क दो महीने में पूर्ण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के विभागीय कामकाज की समीक्षा की। मंत्री श्री देवांगन ने सीएसआईडीसी के अंतर्गत औद्योगिक पार्कों की स्थापना जानकारी लेते हुए रायपुर के उरला में 39 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क निर्माण की जानकारी लेते हुए इसे 30 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने प्रदेश में चार नए स्मार्ट इंडस्ट्रीयल एरिया का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इनमें जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम सिलादेही बिर्रा, गतवा राजनांदगांव जिले के ग्राम बीजेतला, नवा रायपुर में प्रस्तावित फार्मास्युटिकल पार्क एवं बस्तर जिले के ग्राम नियानार शामिल है।

■ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री देवांगन ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा

### बैठक में ये रहे शामिल

बैठक में उद्योग विभाग के संचालक प्रभात मलिक, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार, उद्योग विभाग के उपसचिव रेना जमीन, ओएसडी कमलेश नंदनी साहू, रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं की पंजीयक पद्मिनी भोई साहू, उद्योग विभाग के अपर संचालक आलोक त्रिवेदी, प्रवीण शुक्ला एवं संतोष भगत सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए मैदानी अधिकारी उपस्थित थे।

# गणेश विसर्जन-झांकी 8 को, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, हुड़दंगियों पर होगी सख्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में गणेश विसर्जन झांकियां 8 सितंबर को निकाली जाएंगी। इस बार विसर्जन झांकियों में डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। वहीं झांकियों में हुड़दंगियों पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी। एडीएम उमाशंकर बंदे ने मंगलवार को गणेश विसर्जन झांकियों के रूट तय करने के साथ गणेश झांकी समितियों को कोर्ट एवं प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए झांकी निकालने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों ने झांकी समितियों के साथ बैठक की। यह बैठक एडीएम उमाशंकर बंदे एवं एएसपी लखन पटले की मौजूदगी में हुई। इस दौरान एडीएम ने झांकी समितियों को गणेश विसर्जन झांकी के लिए तय किए गए रूट की जानकारी दी। साथ ही उन्हें अवगत कराया कि झांकी में डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसके बाद भी अगर कोई झांकी समिति डीजे के साथ आएगी, तो उसे इस रूट में प्रवेश नहीं दिया जाएगा और डीजे को जब्ती बनाकर कार्रवाई की जाएगी।

## पेज 09 के शेष ...

### दिव्यांग समेत दर्जनभर...

दिव्यांग को नीचे उतारते ही एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जहां उनका चेकअप कराया गया। उनकी हालत अब ठीक बताई जा रही है। हालांकि इस आगजनी से एक व्यक्ति की धुंए के कारण हालत बिगड़ने लगी, जिसे तत्काल एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया, जहां उसका ईलाज जारी है।

### राजधानी में दिनदहाड़े...

घटना से पुलिस पेट्रोलिंग पर भी उठ रहे सवाल : इस घटना से पुलिस की पेट्रोलिंग पर भी सवाल उठने लगा है। पुलिस हमेशा दावा करती है कि पेट्रोलिंग पार्टी नियमित रूप से थाना क्षेत्र के सभी इलाकों में पेट्रोलिंग पर निकलती है, लेकिन शाम करीब 7 बजे हुई लूट की घटना से पुलिस के दावों की पोल भी खुल गई है।

### 4500 रुपए की...

हुए थे, उनके पास आए और उनकी गाड़ी रोक दी। इसके बाद उनमें से एक व्यक्ति ने उज्ज्वल को देशी कट्टा दिखाते हुए उसके जेब में जितने पैसे है निकालकर देने के लिए कहा। जान के भय से उसने 45 सौ रुपए निकालकर दे दिए। रुपए लेने के बाद दोनों आरोपी वाहन में बैठकर भागने लगे। इस बीच उज्ज्वल और उसके साथी ने आरोपियों को पकड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन दोनों फरार हो गए।

### स्नातक स्तर पर...

नोटिफिकेशन के अनुसार, ग्रेज्यूएशन करने वाले छात्रों को पहले तीन साल तक हर साल 12,000 रुपए मिलेंगे, वहीं पोस्ट-ग्रेज्यूएशन करने वाले छात्रों को 20,000 रुपए प्रतिवर्ष की आर्थिक मदद दी जाएगी। ***31 अक्टूबर तक दे सकेंगे अर्जी :*** सीबीएससई की ओर से ऑनलाइन सीएसएसएस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एकेडमिक ईयर 2025-26 की स्कॉलरशिप के रिन्यूअल और नई स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। स्कॉलरशिप रजिस्ट्रेशन के लिए इच्छुक छात्र नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड के अनुसार, पैसों की दिक्कत के कारण ऐसे कई होनहार छात्र हैं जो आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। ऐसे में पैसों को लेकर मेधावी युवाओं की पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आए इसलिए यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम चलाया जा रहा है।

### इस बार माना...

के बाद देर रात भी बूंदाबांदी का दौर चलता रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अभी मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, दतिया, सीधी, झारसुगुड़ा, पुरी, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है। सोमवार 3 सितंबर को अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः रायपुर संभाग और दुर्ग संभाग की जिले संभावित है। पिछले चौबीस घंटे में नानगुर में 13, दंतेवाड़ा में 11, छिंदगढ़ में 6, गंगालूर, बालोद, बड़े बचेली, बास्तानार, बीजापुर में 5-5 सेमी., दरभा,, दोरनापाल सहित अन्य इलाकों में चार सेमी. तक बारिश हुई। मंगलवार को रायपुर के अलावा प्रमुख स्टेशन पेंड्रा, अंबिकापुर, जगदलपुर में भी बारिश दर्ज की गई।

# जीएसटी की समस्याओं को लेकर वित्त मंत्री से मुलाकात



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर एसोसिएशन और मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं उद्योग जगत के सामने आ रही चुनौतियों तथा खासकर आयरन स्क्रैप की खरीदी के मैकेनिज्म में सुधार करने का सुझाव को विस्तार से प्रस्तुत किया। जिस पर वित्त मंत्री ने इन मुद्दों को गंभीरता से सुना और तत्काल इसे राज्य के वित्त सचिव मुकेश बंसल एवं जीएसटी आयुक्त पुष्पेंद्र मीणा के समक्ष चर्चा के लिए अग्रेषित किया। इसी दौरान प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान कर प्रणाली में आ रही दिक्कतें छोटे एवं मध्यम उद्योगों के विकास में बाधा उत्पन्न कर रही हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उद्योग जगत के हितों की अनदेखी नहीं होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार इन मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर रखेगी और इनके समाधान के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी।

# चना खरीदी के लिए टेंडर जारी, बड़े व्यापारियों का बना सिंडीकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिवासी जिलों में चना का वितरण करने के लिए राज्य सरकार ने कैबिनेट में निर्णय लिया था, जिसके तहत नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए चना क्रय के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। राजधानी के चना आपूर्तिकर्ताओं ने टेंडर लेने के लिए अपना सिंडीकेट बना लिया है। इसके तहत टेंडर लेने काराबारियों और अन्य माध्यमों से बोली लगाने वालों का सिंडीकेट बन गया है।

■ आदिवासी जिलों में राशन दुकानों के माध्यम से किया जाएगा वितरण

नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ में 50 करोड़ से अधिक की चना खरीदी की जाएगी। नान द्वारा इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।

जारी सूचना के अनुसार 1 सितंबर से निविदा फार्म मिलना शुरू हो गया है। निविदा भरने की अंतिम तिथि 12 सितंबर रखी गई है। निविदाकार इसमें निर्धारित शर्तों के साथ आवेदन दे सकते हैं। निविदा 29 सितंबर को खोली जाएगी। प्रबंध संचालक के अनुसार इसके लिए निगम की वेबसाइट पर आवश्यक शर्तों का पालन किया जा सकता है।



### 12 से अधिक जिलों में होगा वितरण

बताया गया है कि आदिवासी बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए इसका वितरण किया जाता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन दुकानों से इसका वितरण किया जाएगा। छग में आदिवासी बच्चों को चना दिया जाएगा। प्रदेश में कुल 12 से अधिक अधिसूचित जिले हैं, जिसमें आदिवासी रहते हैं।

### अगले माह तक वितरण की तैयारी

बताया जाता है कि पिछले साल चना आपूर्ति होने के बाद कई माडा पॉकेट में वितरण नहीं हो पाया था। कुछ जिलों में घटिया क्वालिटी के चना वितरित करने की शिकायतों के कारण राज्य शासन ने योजना की समीक्षा के बाद इसे शुरू करने पर विचार करने के बाद खरीदी का निर्णय लिया। इस माह के अंत तक निविदा प्रक्रिया पूरी कर दीपावली तक सप्लाई के बाद वितरण शुरू होगा।

### वितरण को लेकर आदिवासी मंत्रियों का दबाव

कैबिनेट में चना वितरण को लेकर आदिवासी मंत्रियों में काफी विवाद हुआ था। आदिवासी मंत्रियों ने कुपोषण रोकने चना वितरण को आवश्यक बताते हुए इसे जारी रखने का तर्क दिया। बताया जाता है कि चने की सप्लाई और रेट को लेकर आ रही दिक्कतों के कारण राज्य शासन ने इसे रोकने का प्रस्ताव दिया था। आदिवासी मंत्रियों के दबाव में इसे फिर से जारी रखने खरीदी की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### निगम ने डॉ. प्रवीण शर्मा को निर्णायक के रूप में किया आमंत्रित

**रायपुर**। नगर निगम के संस्कृति विभाग ने महाकोशल कला वीथिका रायपुर के मानसेवी निर्देशक डॉ. प्रवीण शर्मा को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया है। वे शहर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं के स्थल सजावट, झांकी विसर्जन का निरीक्षण करेंगे। डॉ. शर्मा 3, 4 और 5 सितंबर को शाम 7 बजे से स्थल निरीक्षण करने निकलेंगे। नगर निगम के संस्कृति विभाग की उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने पत्र लिखकर उन्हें संस्कृति विभाग की ओर से आमंत्रित किया है।

### ईद मिलाद उन-नबी पर 5 सितंबर को शहर के महबूबिया चौक से निकलेगा जुलूस

**रायपुर**। शहर सीरतुन्नबी कमेटी रायपुर द्वारा जश्न-ए ईद मिलाद उन-नबी राजधानी में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर 5 सितंबर को सुबह महबूबिया चौक बैजनाथपारा से जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस शहर के मालवीय रोड, जयस्तंभ चौक, आजाद चौक, सत्ती बाजार, सदरबाजार होते हुए कोतवाली चौक से वापस बैजनाथ पारा के सीरत मैदान पहुंचेगा। कमेटी के सदर सोहेल सेठी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी।

### चैंबर प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी

**रायपुर**। राजधानी के बांबे मार्केट स्थित छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने मंगलवार को पदाधिकारियों की बैठक बुलाई, जिसमें सभी पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में चैंबर के आगामी कार्यों को सफलता पूर्वक करने पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उन्हें कार्य दायित्व सौंपा गया। चैंबर पदाधिकारियों की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री थौरानी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से चैंबर अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करेगा और व्यापारिक समुदाय के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### सेवानिवृत्त महासंघ ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रायपुर**। डगनिया मुख्यालय के समक्ष हॉस्पिटलों में दवा के अभाव, जांच मशीन के बंद होने सहित 11 सूत्रीय मांगपत्र पर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद रात्रि में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बुलावे पर प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर पॉवर कम्पनी की गतिविधियों से अवगत कराते हुए 217 करोड़ की लागत से प्रस्तावित पांच सितारा भवन निर्माण योजना के कंपनी पर पड़ने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इसे निरस्त करने की मांग रखी।

### छत्तीसगढ़िया कलाकारों को मंच नहीं देने पर खोला मोर्चा

**रायपुर**। चक्रधर समारोह-2025 में छत्तीसगढ़िया कलाकारों को मंच नहीं प्रदान करने को लेकर मंगलवार को राजधानी रायपुर में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जिला रायपुर ने छत्तीसगढ़िया कलाकारों के सम्मान में गुरु घासीदास चौक घड़ी चौक से जिलाधीश कार्यालय तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में पार्टी ने छत्तीसगढ़ के कलाकारों को चक्रधर समारोह से अलग करने और प्रदेश से बाहर के कलाकारों को मंच प्रदान करने पर नाराजगी जताते हुवे छत्तीसगढ़िया कलाकारों को सम्मान देने का मांग की है। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी रायपुर जिला अध्यक्ष गोपी साहू ने संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल को छत्तीसगढ़िया विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया कलाकारों को कार्यक्रम में पहले बुलाया गया था, लेकिन कार्यक्रम से ऐन पहले नाम हटा दिया गया। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नाग ने बताया कि प्रदेश के कलाकारों में सरकार के रवैये के प्रति भारी आक्रोश है।

# ऑल इंडिया से अटकी एमबीबीएस-बीडीएस के दूसरे राउंड की काउंसिलिंग शीघ्र शुरू होने की उम्मीद

## एआई कोटे का पंजीयन कल से, स्टेट की काउंसिलिंग दूसरे सप्ताह से अनुमानित

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ऑल इंडिया कोटे की वजह से अगस्त के अंतिम सप्ताह में अटकी राज्य के एमबीबीएस-बीडीएस सीटों पर एडमिशन के दूसरे राउंड की काउंसिलिंग शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है। ऑल इंडिया कोटे के लिए पंजीयन गुरुवार 4 सितंबर से प्रारंभ होगा और राज्य कोटे के लिए पंजीयन सितंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है। 14 मेडिकल कालेज में राज्य कोटे की करीब 80 फीसदी से ज्यादा सीटों पर एडमिशन पहले दौर में हो चुका है।

पहले राउंड का एडमिशन 23 अगस्त को पूरा हुआ था, जिसमें दस शासकीय और चार निजी चिकित्सा महाविद्यालय की एमबीबीएस की करीब 90 फीसदी सीटों पर एडमिशन हो गया था। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 28 अगस्त से प्रारंभ होनी थी, मगर ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश का शेड्यूल तय नहीं होने के कारण राज्य की सीटों पर भी प्रवेश प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था। काफी इंतजार के बाद मेडिकल काउंसिल इंडिया द्वारा संशोधित शेड्यूल जारी किया गया है। इसके अनुसार दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के एआई कोटे के लिए पंजीयन गुरुवार 4 सितंबर से प्रारंभ होगा। इस बीच राज्य की सीटों के लिए प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा दूसरे सप्ताह में प्रारंभ होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में 99 प्रतिशत एमबीबीएस की सीट भर जाएगी। बीडीएस की सीटों पर प्रवेश के लिए मॉपअप राउंड की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। पहले राउंड में बीडीएस की 682 सीटों में केवल 284 सीटों पर एडमिशन पूरा हुआ है।



### शासकीय कालेज फोकस

डाक्टरी की पढ़ाई करने वालों का फोकस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय होता है और सबसे ज्यादा डिमांड रायपुर के शासकीय कालेजों की होती है। पहले राउंड में रायपुर कालेज की राज्य कोटे की 163 सीटों पर एडमिशन हो चुका है। यहां एमबीबीएस की कुल 230 सीट है जिसमें से 189 सीट राज्य कोटे की है। यानी दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिये केवल 26 सीटें ही बाकी है। कुल 14 मेडिकल कालेज में स्टेट और प्रबंधन कोटे की करीब 1720 सीटें है जिसमें से 324 सीटें रिक्त हैं।

## दलदल सिवनी में तैयार हो रही आपरेशन सिंदूर वाली झांकी

# राजनांदगांव-दुर्ग से आएंगी झांकियां गणेशोत्सव समितियां तैयारी में जुटीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

8 सितंबर की रात्रि गणेश विसर्जन के दौरान शहर में हर बार की तरह इस बार भी राजनांदगांव और दुर्ग की सुंदर झांकियां राजधानीवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके लिए शहर की प्रमुख गणेशोत्सव समिति के आयोजकों ने अपने पसंद की मनमोहक झांकियों की अग्रिम बुकिंग इन शहरों में जाकर करा ली है। सूत्रों के मुताबिक इन चुनिंदा खास तरह की झांकियों का किराया डेढ़ लाख रुपये से लेकर 6:50 लाख रुपये तक है। चूंकि दुर्ग और राजनांदगांव में दो दिन पूर्व गणेश विसर्जन की झांकी निकलनी है, ऐसे में 6 सितंबर की सुबह से लेकर शाम तक बड़ी गाड़ियों के जरिए आकर्षक झांकी वाला सेटअप राजधानी रायपुर पहुंचना तय है।

इसके अलावा राजधानी से लगे दलदल सिवनी इलाके में आपरेशन सिंदूर थीम पर देशप्रेम की भावना से ओतपोत झांकी तैयार हो रही है, जो कि रविवार तक शहर में लाई जाएगी। दरअसल,11 दिनों चलने वाले गणपति बप्पा के पूजा अर्चना के उत्सव का समापन 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ शुरू होगा। 8 सितंबर को सिद्धि विनायक की बड़ी मूर्तियां आकर्षक झांकियों के साथ निकाली जाएंगी। इसके लिए आयोजकों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। विसर्जन समारोह को भव्य रूप देने अलग-अलग गणेशोत्सव समितियों ने एक से बढ़कर एक झांकियां निकालने का मन बनाया है। सूत्रों के मुताबिक इस बार डेढ़ लाख रुपये से लेकर 6:50 लाख रुपये के किराये में अलग-अलग थीम पर केंद्रित झांकियां शहर में लाई जाएंगी। चूंकि दुर्ग और राजनांदगांव शहर में रायपुर से दो दिन पूर्व विसर्जन झांकी निकालने की परिपाटी रही है, इसलिए पहले इन दोनों शहरों में इन चुनिंदा झांकियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके बाद 6 सितंबर को सुसज्जित वाहनों में ये झांकियां रायपुर लाई जाएंगी।





### राजनांदगांव से शिवजी की थीम वाली झांकी

नवनिर्माण गणेशोत्सव समिति राठौर चौक द्वारा राजनांदगांव से दो जीपों में भगवान शंकर की थीम वाली सुंदर झांकी रविवार तक रायपुर लाई जा रही है। इस झांकी में जगत कल्याण के लिए विषपान करते हुए महादेव नजर आएंगे। राठौर चौक में इस बार समिति द्वारा महराजा पैटर्न में गणपति प्रतिमा की स्थापना की गई है। इसे देखने बड़ी संख्या शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### दुर्ग से 3 जीपों में लाई जाएगी प्रलय आर्ट वाली मनमोहक झांकी

लायंस क्लब गुरुनानक चौक स्थित मनोकामना गणेशोत्सव समिति इस बार शहर से निकलने वाली विसर्जन झांकी में दुर्ग के प्रलय आर्ट द्वारा निर्मित चित्ताकर्षक झांकी प्रस्तुत करने जा रही है। 3 जीपों में अलग-अलग दृश्य के साथ पौराणिक झांकी नजर आएगी। इसमें पहले दृश्य में भगवान विष्णु द्वारा गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग रहेगा। दूसरे दृश्य में भगवान शंकर के पीछे दौड़ते राक्षस भस्मासुर और तीसरे भस्मासुर का वध करने भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप देखा जा सकेगा। इसी तरह विसर्जन झांकियों में आपरेशन सिंदूर के थीम पर आधारित झांकी शामिल रहेगी। प्रभात टाकीज के पास स्थित विनायक गणेशोत्सव समिति इसकी तैयारी में जुटी हुई है। इसके अलावा अन्य थीम पर एक से बढ़कर सुंदर झांकियां लोगों को देखने को मिलेगी।

# आत्मानंद विद्यालयों में संविदा के जरिए भरे जाएंगे शिक्षकों के 142 पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने नए सिरे से प्रयत्न किए जा रहे हैं। बीते शैक्षणिक सत्र में पर्याप्त मद नहीं मिलने के कारण कई तरह की समस्याओं का सामना स्कूलों को करना पड़ा था। इस बार सत्र की शुरुआत से ही स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था सुधारने शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिले के आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों के 142 पद भरे जाएंगे। हालांकि ये भर्तियां संविदा स्तर पर होगी। शिक्षकों को 30 अप्रैल तक कार्य पर रखा जाएगा। शिक्षकों के अतिरिक्त गैर शिक्षकीय कार्यों के लिए भी भर्ती निकाली गई है। भृत्य एवं स्वीपर सहित 68 पदों का सेवाकाल 12 माह होगा। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार, जिले में 36 स्वामी आत्मानंद विद्यालयों का संचालन हो रहा है। वर्तमान में छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि होने के कारण अध्यापन कार्य के लिए शिक्षक संवर्ग की कमी हो गई है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षक के लिए विद्यालयों में व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक पदों पर भर्ती की जा रही है। विद्यालयवार, विषयवार व पदवार मानदेय प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी 8 सितंबर तक संबंधित विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

- जिला शिक्षा कार्यालय ने जारी की अधिसूचना, 8 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

### वार्ड ब्वॉय व आया के लिए आवेदन प्रारंभ

छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा वार्ड ब्वॉय व आया के पदों में भर्ती के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। 24 सितंबर तक इसके लिए आवेदन किए जा सकते हैं। स्वास्थ्य सेवा संचालनालय के अंतर्गत रिक्त पदों पर उक्त भर्ती परीक्षा के माध्यम से भर्ती होगी। परीक्षा 12 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। प्रवेशपत्र परीक्षा से चार दिन पहले 6 अक्टूबर को जारी होंगे। योग्यता सहित अन्य जानकारी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# घनघनाता रहा बिजली ऑफिस का फोन, सोते रहे कर्मचारी नगाड़ा लेकर पहुंचे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



विद्युत विभाग के दफ्तर में मंगलवार को छात्रों ने हल्ला बोला। एनएसयूआई के नेतृत्व में रायपुर ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले पुरैना विद्युत विभाग के कार्यालय के बाहर नगाड़ा बजाकर छात्रों ने यह प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का कहना है कि ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 49, 50 और 52 की जनता को गंभीर बिजली समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इन वार्डों में लगातार हो रही अनावश्यक बिजली कटौती, शिकायत दर्ज कराने के लिए उपलब्ध नंबरों पर कॉल नहीं उठाना तथा ट्रांसफार्मर पैनल के गेट खुले रहना जैसे गंभीर मुद्दों ने आम जनता की दैनिक जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित किया है। यह ना केवल प्रशासनिक लापरवाही का संकेत है, बल्कि जनभावनाओं की उपेक्षा भी है।

### वीडियो साक्ष्य भी

प्रदर्शनकारियों ने एक वीडियो क्लिप भी प्रस्तुत की है, जिसमें यह आधी रात को जब शिकायत नंबर पर कॉल किया गया, तो विभागीय अधिकारी गहरी नींद में सोते पाए गए। दफ्तर के अंदर लगातार फोन की घंटी बजती रही, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो यह विरोध और अधिक व्यापक रूप लेगा, क्योंकि इससे महाविद्यालयीन छात्रों के साथ स्कूली विद्यार्थियों की भी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। एनएसयूआई प्रदेश सचिव कुणाल दुबे, मोनू तिवारी, तारिक अनवर खान, संस्कार पांडे, तनिष्क मिश्रा सहित ग्रामीण विधानसभा के नागरिक भी इसमें शामिल रहे।

# परिणाम सुधारने शिक्षकों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए सितंबर से ही स्कूलों में विशेष प्रयास किए जाएंगे। स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ पठन-पाठन की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। मंगलवार को हुई लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर शिक्षकों को प्रशिक्षण एवं समुचित सलाह उपलब्ध कराई जाए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधार में सामुदायिक सहयोग बेहद आवश्यक है। इसके लिए स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित किए जाएं, ताकि समाज की भागीदारी से शिक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ हो सके। उन्होंने राज्य में आयोजित रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रस्तावित गतिविधियों जैसे-पुस्तक वाचन दिवस, बाल पंचायत, एल्युमिनी मीट, शिक्षक दिवस और प्रदर्शनी के आयोजन की रूपरेखा पर भी अधिकारियों से चर्चा की।

### गंभीरता से लागू करें योजनाएं

स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी एवं लोक शिक्षण संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने विभागीय संरचना, शासकीय स्कूलों और छात्रों की संख्या, शिक्षकों की स्थिति, शैक्षणिक पद, बजट प्रावधान, अधोसंरचना तथा विद्यार्थियों के लिए संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। निःशुल्क गणवेश, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, शिक्षा का अधिकार अधिनियम और निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना की जानकारी लेकर इन योजनाओं को सुचारू रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान को भी पूरी गंभीरता से लागू करने पर जोर दिया गया।

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने की दुर्ग में 68.32 करोड़ की आवासीय योजना स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के 84वें मंडल सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए गए। मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने जानकारी दी कि अटल विहार योजना पुलगांव, दुर्ग अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों की लगभग 183 आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों के लिए 68.32 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य प्रवर्तित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना, अटल विहार योजना, दीनदयाल आवास योजना एवं अटल आवास योजना के अंतर्गत बल्क में मकान देने की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत यदि कोई संस्था या व्यक्ति एक साथ बड़ी संख्या में संपत्ति खरीदना चाहे, तो उन्हें यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सम्मेलन में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अध्यक्ष ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम को कचना, रायपुर स्थित मंडल की रिक्त दुकान/हॉल को राज्य के दिव्यांगजनों को निःशुल्क प्रशिक्षण देने के लिए किराए पर आबंटित करने का निर्णय लिया गया।

# अल्टीमेटम से भड़के एनएचएम कर्मचारी स्वास्थ्य भवन का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

24 घंटे के अल्टीमेटम से भड़के प्रदेश के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मंगलवार को नवा रायपुर स्थित स्वास्थ्य भवन का घेराव किया। इस दौरान उन्होंने बर्खास्तगी आदेश की प्रतियां जलाई और कर्मचारी विरोधी रवैये को लेकर नारेबाजी कर विरोध जताया। सोमवार को मिशन संचालक ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी हड़ताली कर्मचारियों को 24 घंटे के अंदर काम पर लौटने का अल्टीमेटम आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया कि यदि 24 घंटे में कर्मचारी काम पर नहीं लौटते तो उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी। इसी आदेश के विरोध में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ कार्यालय का घेराव कर दिया। दरअसल, प्रदेशभर के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी नियमितीकरण सहित अपने लंबित मांगों को लेकर कामबंद कलमबंद हड़ताल कर रहे हैं। 10 सूत्रीय मांगों पर अड़े संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है, बिना उनकी समस्याओं का समाधान किए हड़ताल समाप्त करना संभव नहीं है।

## 3 सूत्रीय मांगों पर परिवहन मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन

# राजधानी में जुटे प्रदेशभर से बस आपरेटर, बस संचालन में आ रही समस्याओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- पुरंदर मिश्रा को सर्वसम्मति से बनाया संरक्षक, तीन साल का रहेगा कार्यकाल
- पूर्व संरक्षक प्रमोद दुबे को दी विदाई



प्रदेशभर के बस आपरेटर मंगलवार को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित निजी हॉटल में जुटे। इस मौके पर उन्होंने बस संचालन में आ रही परेशानी को लेकर खुलकर विचार मंथन किया। मुख्य रूप से परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों की टाइमिंग का निर्धारण सही नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई गई। इसी तरह ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट को नियंत्रित करने और सिटी बसों के संचालन को शहरी सीमा में नियंत्रित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पुरंदर मिश्रा को छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ का संरक्षक बनाया गया। इस मौके पर पूर्व संरक्षक प्रमोद दुबे को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के पुरंदर मिश्रा संरक्षक बनाए गए हैं। उनका कार्यकाल 3 साल का रहेगा। प्रदेशभर के बस आपरेटरों की राजधानी में हुई बैठक में इस आशय का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इस मौके पर बस आपरेटरों की बस संचालन में आ रही समस्याओं पर प्रतिभागियों ने खुलकर विचार रखे। बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सैयद अनवर अली, सचिव खेमराज साहू सहित अन्य पदाधिकारी व प्रदेशभर से आए बस आपरेटर मौजूद रहे। बस आपरेटरों का कहना है कि परमिट स्वीकृत करने वाले क्षेत्रीय राज्य परिवहन प्राधिकार द्वारा 2 से 5 मिनट एवं ओवर टेकिंग समय चक्र के साथ वर्तमान में भी परमिट स्वीकृत किया जा रहा है, जिससे सड़क दुघर्टनाओं में वृद्धि हुई है। इसे देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग में दो यात्री बसों के मध्य 10-10 मिनट, ग्रामीण क्षेत्रों में यह अंतराल 30-30 मिनट का रखा जाए। इसी तरह पहाड़ी क्षेत्रों में दो यात्री बसों का अंतराल 40-40 मिनट निर्धारित किया जाए। इसके लिए अधिसूचना व राजपत्र जारी करने की मांग परिवहन मंत्री केदार कश्यप से की गई।

बैठक में शामिल छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सैयद अनवर अली ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की बसें अपनी परिभाषा के विपरीत जाकर स्टेज कैरजि के रूप में संचालित हो रही है, जिसे प्रदेश में पूर्व से संचालित करीबन 1200 बसें व इससे जुड़ा परिवार पूरी तरह प्रभावित हो गया है।



02

गणपतिजी के पूजन में फल-फूल और ....

## शहर में विराजे गणपति



न्यू शक्ति क्लब गणेशोत्सव समिति, सत्ती बाजार



गवली परिवार गणेशोत्सव समिति, फौव्वारा चौक, बैरन बाजार



श्री सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति, बैरन बाजार



एकता गणेशोत्सव समिति, पटेल चौक, टिकरापारा



श्री जय भवानी गणेशोत्सव समिति, बजरंग नगर, आमापारा



श्री रामवादा गणेशोत्सव समिति, फाफाडीह

### संस्कृति विभाग के पावस प्रसंग का आगाज, पहले दिन कथक नृत्य ने दर्शकों का मोहा मन

# राधारानी का विरह-वेदना में रचा भावपूर्ण रास, स्वप्न में जीवंत हुआ श्रीकृष्ण संग मिलन



**संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 'पावस प्रसंग' का भव्य आगाज मंगलवार को शास्त्रीय नृत्य, संगीत एवं गायन की प्रस्तुतियों के साथ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन मंच पर प्रस्तुत किए गए कथक और शास्त्रीय गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। "तू चंड-मुण्ड संहारिणी। हे महिष्दानव मर्दिनी, काली है तू ही कपालिनी....पावस प्रसंग कार्यक्रम की शुरुआत मां महाकाली की स्तुति से की गई। इस अवसर पर 18 वर्षीय कथक नर्तकी गीतिका चक्रधर ने मनमोहक प्रस्तुति ने समां बांधा। जहां शास्त्रीय नृत्य के प्रारंभ से ही मां महाकाली के स्वरूपों का प्रभावशाली वर्णन किया गया।**

**रायपुर।** नृत्य की शुरुआत से ही दर्शकों को अलौकिक अनुभूति होने लगी, जहां उनके चेहरे के भाव, हाथों की कलाकारी और तालबद्ध पदचिन्हों ने पूरे मंच को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन आशना दिल्लीवार कथक नृत्य, स्वाति तिवारी शास्त्रीय गायन और तुषार सिन्हा कथक की प्रस्तुति देंगे।



### लखनऊ घराने की नजाकत, राधा-कृष्ण की विरह व्यथा को किया जीवंत

कथक नर्तकी गीतिका चक्रधर ने मंच पर लखनऊ घराने की नजाकत, हाव-भाव और ठुमरी परंपरा से परिपूर्ण 'तराना' की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में तोरे-तुकड़े, परम, प्रेमरू, तिहाइया एवं तत्कार जैसे ताल खंडों का सूक्ष्म संयोजन प्रस्तुत किया। वहीं गीत के बोल, तराना, संगम और तबले के चार अंगों के बोलों को समाहित करते हुए चतरंग की अद्वितीय प्रस्तुति दी। चतरंग के माध्यम से गीतिका ने वह मनोदशा दर्शाई, जिसमें श्रीकृष्ण के वृंदावन छोड़ मथुरा जाने के बाद, राधारानी के विरह की पीड़ा और स्वप्न में कृष्ण संग रासलीला की कल्पना का भावपूर्ण चित्रण किया गया। इस अद्भुत मंचीय प्रस्तुति ने दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी।



### रायगढ़ के महाराजा की रचना पर नवरस की सुरमयी ठुमरी




कथक नर्तकी शिल्पा सिंह ने रायगढ़ घराने की समृद्ध परंपरा को जीवंत करते हुए प्रमुख बंदिश 'तीन ताल' की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। करीब 20 मिनट की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव, गति और ताल का अद्वितीय संगम अनुभव कराया। प्रस्तुति की शुरुआत उपोदघात से हुई, जिसके बाद उन्होंने शिव तांडव परण, काली परण और दल बादल जैसे जटिल नृत्य खंडों का शानदार प्रदर्शन किया। प्रस्तुति का समापन रायगढ़ के महाराजा चक्रधर सिंह की रचना पर आधारित नवरस की सुरमयी ठुमरी से हुआ। इस प्रस्तुति में आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट, पशुओं के संवाद, मां काली के सौम्य, ममतामयी और विकराल स्वरूपों का सजीव चित्रण किया गया। वहीं तबले पर डॉ. विद्यानाथ सिंग, संगीत में शंकर दर्रो, पखावज में त्रिलोचन सोना और सितार में अनिल राय ने संगत दी।

### करीम नाम तेरो... की गूंज में वर्षा ऋतु की महक

सांस्कृतिक आयोजन की दूसरी प्रस्तुति में शास्त्रीय गायक किशन देवांगन ने अपनी लगभग 30 मिनट की सुरमयी प्रस्तुति से वर्षा ऋतु की संगीतमय छवि मंच पर उकेर दी। उनकी गायकी में न केवल राग की शुद्धता थी, बल्कि उसमें मौसम की सुगंध, हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य की जीवंत अनुभूति भी समाहित रही। शास्त्रीय गायक ने तानसेन की मानी जाने वाली प्रसिद्ध बंदिश "करीम नाम तेरो" को विलंबित ख्याल में प्रस्तुत किया। इस रचना के माध्यम से उन्होंने मिट्टी की सोंधी खुशबू, पेड़ों की सनसनाहट, बादलों की गड़गड़ाहट, मोर के नृत्य और पक्षियों की चहचहाहट को स्वरों के माध्यम से मंच पर सजीव कर दिया। प्रस्तुति में तबले पर रामचंद्र सर्वे, हारमोनियम पर लालाराम लोनिया और तानपुरा पर वरनदीप सिंह रहे।

# 80 स्कूलों के 2000 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा डांस, पेंटिंग और गेम्स में लिया हिस्सा

**रायपुर।** रोटरी कॉस्मोपॉलिटन, कॉस्मो दिवाज, इनरव्हील क्लब और सक्षम क्लब आईआईएम रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में शाइन-2025 का आयोजन मैक कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम्स रायपुर के डायरेक्टर, रिटायर्ड ले. जनरल डॉ. अशोक जिंदल एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल थे। विशेष अतिथि आरंभ स्कूल के डायरेक्टर विक्रम ठाकुर रहे। मुख्य अतिथि डॉ. जिंदल ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की शानदार कामयाबी पर सबको बधाई दी। कार्यक्रम में 80 स्कूलों के 2000 छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, ग्रुप डांस, डिबेट, गणित, शतरंज, ग्रुप डिस्कशन, बैंड प्रतियोगिता, बिजनेस प्लान प्रतियोगिता शाइन टैंक, ओपेन यूअर माइंड और अन्य रोचक कार्यक्रम शामिल रहे। रोटरी कॉस्मो पिछले 25 वर्षों से इस आयोजन के साथ-साथ कॉस्मो स्कॉलरशिप, सरकारी स्कूलों को हैप्पी स्कूल बनाने, रक्तदान शिविर और पेड़ लगाने जैसे सामाजिक कार्यों के माध्यम से शिक्षा व समाजसेवा में निरंतर सक्रिय रहा है।



### ऑपरेशन सिंदूर की 200 से भी ज्यादा पेंटिंग्स बनाईं

रोटरी कॉस्मोपॉलिटन सचिव अमित गोयल ने बताया कि शाइन प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार की एंट्री फीस नहीं ली जाती, जिससे यह बच्चों के लिए एक सुलभ और निष्पक्ष मंच बनता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व, नेतृत्व और सेवा की भावना भी उसमें शामिल होनी चाहिए और शाइन इसी उद्देश्य की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम के संयोजक नीलेश गोयल और दीपक केडिया ने बताया कि अलग-अलग 24 प्रतियोगिताओं मे करीब 100 बच्चों ने ईनाम जीते। रोटरी कॉस्मो के डूमर तालाब हैप्पी स्कूल के बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर सुंदर प्रस्तुति दी। मंच पर बच्चों की ऊर्जा और प्रतिभा देखकर पूरा माहौल उत्साह तथा उल्लास से भर गया।



# स्टूडेंट्स को स्टार्टअप संस्कृति-भारत की संभावनाओं पर मिला मार्गदर्शन

**रायपुर।** पीएमश्री आरडी तिवारी स्कूल में स्टुडोमैट्रिक्स द्वारा स्टूडोटॉक का आयोजन किया गया, जिसका विषय स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप था। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नवाचार, नेतृत्व और प्रोफेशनल दुनिया की ओर प्रेरित करना रहा। मुख्य अतिथि डॉ. अनुज शुक्ला सीईओ, एनआईटी रायपुर इनक्यूबेशन सेल ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप संस्कृति, नए विचारों और भारत की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी मेहनत और सही दिशा से भारत को स्टार्टअप हब बना सकती है। कोरोनाकाल में आत्मनिर्भर भारत ने पूरी दुनिया को वैक्सीन देकर वैश्विक सहयोग की मिसाल पेश की। प्रदेश संयोजक अन्वित दीक्षित ने कहा कि स्टुडोमैट्रिक्स विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शैक्षिक और कॅरियर से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता है। उन्होंने बताया कि ऐसे सत्रों के माध्यम से छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक जीवन में भी आगे बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम में अनेकों विद्यालय से बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और अतिथियों से सीधे संवाद के माध्यम से सवाल पूछकर नए विचार सीखे।

### फलदार पौधों की बढ़ती लोकप्रियता, महिलाएं किचन गार्डन में लगा रहीं

# छत-बालकनी बने मिनी फार्म, अब घरों में उग रहे चीकू, ड्रैगन फ्रूट और अनानास

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** इन दिनों प्रकृति प्रेमियों का रुझान प्राकृतिक और स्वस्थ जीवनशैली की ओर बढ़ रहा है। अब लोग केवल सब्जियां ही नहीं, बल्कि अपने घर में फलदार पौधे भी उगाने लगे हैं। शहर में लोग अपने छत, बालकनी और छोटे बगीचों को मिनी फार्म में बदल रहे हैं। बाजार में मिलने वाले महंगे और कीटनाशकों से युक्त फलों की जगह लोग अब घर पर ही चीकू, स्टार फ्रूट, चेरी, शहतूत, अनार, पाइनएपल, ड्रैगन फ्रूट, जामरूल और रामफल जैसे पौधे लगा रहे हैं।

प्रकृति प्रेमियों के अनुसार, बाजार में तेजी से फलों को तैयार करने के लिए रसायनों का प्रयोग होता है, जबकि घर पर हम पूरी तरह प्राकृतिक तरीके से बिना किसी केमिकल के ही फल उगा सकते हैं। इसके लिए वे नर्सरी से पौधे खरीदकर या बाजार के फलों के बीज से पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल कर रहे हैं। "शहर के प्रकृति प्रेमी अब छोटी बालकनी या घर की छत पर ही फलदार पौधे उगा रहे हैं। अक्सर लोगों की यह मानसिकता होती है कि फलों के लिए ज्यादा जगह की जरूरत होती होगी? लेकिन अब शहर में प्रकृति प्रेमी घर पर गमले या सीमित जगह पर ही पौधे लगा रहे हैं। ये पौधे सही देखभाल और समय-समय पर छंटाई के साथ आसानी से उगाए जा सकते हैं, जिससे सामान्य व्यक्ति भी अपने घर में ताजे और रसायन मुक्त फल प्राप्त कर सकता है।"





### घर पर केमिकल फ्री फलदार पौधे

नूपुर परगनिहा ने बताया कि उनके घर के बगीचे में 10 से 15 साल पुराने स्टार फ्रूट और जामरूल के पेड़ लगे हुए हैं। प्रदेश में जामरूल फल आमतौर पर देखने को नहीं मिलता, यह फल वेस्ट बंगाल से शहर तक लाया जाता है। बातचीत के दौरान नूपुर ने बताया कि उन्होंने नर्सरी से फलदार पेड़ खरीदकर इन्हें बिना किसी केमिकल के प्राकृतिक तरीके से उगाया है। इसके अलावा उनके बगीचे में रामफल, ड्रैगन फ्रूट, सुपारी और सिंदूर के भी पेड़ हैं, जो हर साल भरपूर मात्रा में फल देते हैं।



### गमलों में भी लगाए जा सकते हैं फलदार पौधे

फलदार पौधों के लिए ज्यादा जगह होना जरूरी नहीं है, पौधों की नियमित छंटाई और देखभाल से गमलों में भी फलदार पौधे उगाए जा सकते हैं। शहर की मनीषा त्रिवेदी पिछले 20 वर्षों से गमलों में फूल, सब्जियां और फलदार पेड़ लगा रही हैं। उन्होंने अपने गमलों में 4-5 फुट ऊंचे चीकू, शहतूत, स्टार फ्रूट, अनार, पाइनएपल और ड्रैगन फ्रूट के पौधे लगाए हैं, जो हर महीने अच्छी मात्रा में फल देते हैं। उन्होंने बताया कि शहर के बाजार में शहतूत का फल आसानी से नहीं मिलता, लेकिन घर पर पौधा होने की वजह से उन्हें नियमित रूप से शहतूत का फल मिलता रहता है। जो स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होता है।

## शहर में विराजे गणपति


श्री नवयुवक गणेशोत्सव समिति, सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा


विघ्नेश्वर गणेश उत्सव समिति, बसंत विहार कॉलोनी, गोंदवारा


एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभाग में गणेशोत्सव


गौरी-गौरा गणेश उत्सव समिति संजय नगर टिकरापारा


श्री बाल समाज गणेशोत्सव समिति, बढ़ईपारा, लिली चौक, पुरानी बस्ती


विघ्नहर्ता सत्यम विहार गणेशोत्सव समिति


ईडब्ल्यूएस 51, परसूलीडीह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, टेकारी


मां काली कंकालीन महामाया गणेशोत्सव समिति, दलदल सिवनी

● गणेश पंडालों में दर्शन, आरती व प्रसाद चढ़ाने श्रद्धालुओं का तांता, बाजार गुलजार

# गणपतिजी के पूजन में फल-फूल और पूजा सामग्री की बढ़ी डिमांड, नारियल 30 तो इलायचीदाना 100 रुपए प्रति किलो

**शहरभर के गणेश पंडालों में दर्शन के दौरान नारियल, इलायचीदाना, मूंगफली और मोतीचूर के लड्डू का प्रसाद श्रद्धालु ग्रहण कर रहे हैं। रोजाना गणपतिजी की आरती में गणेशोत्सव समिति के सदस्यों द्वारा बप्पा के दर्शन करने पहुंच रहे भक्तों को प्रसाद वितरित किया जा रहा है। गणेशोत्सव समिति के सदस्य और श्रद्धालु आरती में बप्पा को भोग व प्रसाद के रूप में फल सेब, केला, नारियल व मीठे में इलायचीदाना तथा मोतीचूर की लड्डू अर्पित कर रहे हैं।**

**रायपुर।** गणपतिजी का आरती के दौरान फूलों से श्रृंगार किया जा रहा है। ऐसे में फूल, फल, भोग मिष्ठान व पूजन सामग्री की डिमांड बढ़ गई है। शहर के बाजारों में लगी पूजा सामग्री विक्रय की दुकानों, फल स्टॉल, किराना स्टोर्स और फ्लॉवर्स शॉप पर रोजाना सुबह-शाम खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। पूजा-हवन सामग्री और प्रसाद के लिए प्रसिद्ध शहर के सबसे बड़े मार्केट गोलबाजार में पूजा सामग्री व जनरल स्टोर्स के संचालक विजय अग्रवाल ने बताया कि त्योहारी सीजन में पूजन सामग्री व प्रसाद के सामान की डिमांड बढ़ती है, पर गणेशोत्सव लगातार 11 दिनों तक चलता है। ऐसे में रोजाना के हिसाब से पूजन व प्रसाद सामग्री की स्वभाविक तौर पर मांग बढ़ जाती है। बाजार में सामान की मांग बढ़ने से उसके दाम में मामूली उतार-चढ़ाव होता रहता है। गणेशोत्सव में प्रसाद के लिए नारियल, इलायचीदाना, मूंगफली दाना, सूजी आदि की डिमांड बढ़ रही है। वहीं पूजन सामग्री में होम, धूप, अगरबत्ती, चंदन-कुमकुम, मौली धागा, रुई की बाती की बेहद मांग है।



### फलों की कीमत तेज, केला 60-70 रुपए दर्जन

*शास्त्री बाजार में फल व्यापारी विवेक सिन्हा ने बताया कि गणपति पूजा के लिए सेब, केले की बिक्री दोगुनी हो गई है। बारिश में फलों का व्यापार ठंडा पड़ा था, पर गणपतिजी के विराजने के बाद व्यापार में तेजी आई है। गणेश पंडाल समिति व भक्त प्रसाद और चढ़ावे के लिए सेब, केले की खरीदारी कर रहे हैं। वर्तमान में केला 60 से 70 रुपए प्रति दर्जन और सेब 120 से 200 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है।*





### आरती, दर्शन और प्रसाद को लेकर उत्साह

शहर के सभी गणेश पंडालों में सुबह-शाम भक्तों में बप्पा की आरती, दर्शन व प्रसाद के लिए उत्साह का माहौल है। विशेषकर शाम से देर रात्रि तक भक्त गणेश पंडालों में दर्शन व प्रसादी प्राप्त करने का आनंद उठा रहे हैं। कंकालीपारा गणेशोत्सव समिति के सदस्य जयप्रकाश तंबोली, राहुल पंसारी ने बताया कि पंडालों में बच्चे, बड़े सभी वर्ग के लोग अपने परिवार के साथ आरती करने, चढ़ावा चढ़ाने व प्रसाद लेने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

### मोतीचूर की लड्डू 450 रुपए किलो

राजेंद्र नगर रोड स्थित हलवाई दुकान के संचालक महेद्र गुप्ता ने बताया कि आउट सीजन में मोतीचूर के लड्डू की कीमत 80 रुपए प्रति पाव व 350 से 400 रुपए प्रति किलो तक रहती है, चूंकि त्योहारी सीजन में लड्डू मेकिंग की सामग्री महंगी हो जाने और गणेश चतुर्थी में अधिक डिमांड से मोतीचूर की लड्डू की प्रति किलो कीमत में 15 से 20 रुपए वृद्धि हो जाती है। वर्तमान में मोतीचूर के लड्डू 450 रुपए किलो बेच रहे हैं। गणेश समितियों से 11 दिनों के लिए एडवांस में लड्डू व मोदक की बुकिंग पहले ही की जा चुकी है।

### 50 रुपए पाव बिक रहा गेंदा फूल

धमतरी रोड तरुण बाजार में चिल्हर में गेंदा फूल व अन्य पूजा सामग्री का स्टॉल लगाए फूल व्यापारी राजेंद्र साहू का कहना है कि गणेश पंडालों की आरती में रोजाना गेंदा, कमल के फूल व माला की डिमांड बढ़ गई है। फूलों की मांग बढ़ने से थोक फूल बाजार में कीमत तेज हो गई है। इसके चलते गेंदा फूल प्रति पाव 50 रुपए और गुंथी हुई गेंदा फूल की माला 30 से 40 रुपए प्रति नग बिक रही है। आउट सीजन में गेंदा फूल थोक में 60 से 70 रुपए प्रति किलो और चिल्हर में 100 रुपए तक बिकता है। वहीं कमल का एक फूल 30 रुपए में बेच रहे हैं।

## सुसज्जित रथ पर बाजे-गाजे के साथ निकली रामदेव पीर बाबा की कलश और शोभायात्रा



**रायपुर।** राजधानी में रामदेव जयंती उत्सव का 48वां वर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रीलक्ष्मी रणछोड़ धर्मार्थ न्यास द्वारा संचालित बाबा रामदेव मंदिर फाफाडीह चौक से मंगलवार को सुबह 9 बजे मंदिर प्रांगण से रामदेव पीर बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भक्तों द्वारा रामदेव पीर बाबा की प्रतिमा की भव्य छवि को सुसज्जित रथ पर बाजे-गाजे के साथ लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से देवेंद्र नगर चौक होते हुए टिंबर मार्केट स्थित पाटीदार भवन पहुंची, जहां कच्छ कड़वा पाटीदार भवन में बाबा रामदेवजी की विधि-विधान के साथ स्थापना की गई। बाबा रामदेवजी की प्रतिमा स्थापना के पश्चात दोपहर को पूजा आरती की गई। श्रीलक्ष्मी रणछोड़ धर्मार्थ न्यास द्वारा संचालित बाबा रामदेव मंदिर फाफाडीह चौक के पदाधिकारियों ने बताया कि रामदेव जयंती उत्सव का 48वां मनाया जा रहा है।

### कलश यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा में 31 कन्याएं सिर पर कलश धरकर समाजजनों, बंधुओं के साथ शामिल हुईं। कलश यात्रा में कन्याओं ने अपनी भक्ति की शक्ति दिखाई। कलश यात्रा देवेंद्र नगर चौक से होते हुए टिंबर मार्केट स्थित पाटीदार भवन पहुंची। स्थानीय गुजराती कलाकारों द्वारा एवं शीतलबेन व्यास की मंडली द्वारा भजन-कीर्तन, भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। श्रीलक्ष्मी रणछोड़ धर्मार्थ न्यास द्वारा रामदेव पीर बाबा की प्रतिमा की स्थापना के बाद रात्रि 12 बजे महाआरती के साथ आयोजन का समापन किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और रामदेव पीर बाबा की विधि-विधान से महाआरती कर अपनी सुख-समृद्धि की कामना की।

## वेदों का प्रकाश नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक




**रायपुर।** सर्वत्र शिक्षा समिति, संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा संचालित संस्कार पाठशाला के संस्कार शिक्षकों को आज संस्कार स्टेट कार्यालय रायपुर में प्रयागराज से पधारे, भारत सरकार द्वारा वेद विभूषण से सम्मानित कथा व्यास पूज्यपाद अशोक देवाचार्य महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। महाराजश्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि विद्यालयों में बच्चों को संस्कार शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, अतिथि सत्कार तथा वेद मंत्रों का ज्ञान किस प्रकार से प्रभावी ढंग से दिया जा सकता है। उन्होंने संस्कार शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वेदों का प्रकाश नई पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने आगामी 14 सितंबर से 20 सितंबर तक पवित्र बद्रीनाथ धाम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के लिए सभी संस्कार शिक्षकों को निमंत्रण दिया। आयोजन में संपूर्ण भारतवर्ष से पधारे संस्कार शिक्षकों के लिए निशुल्क भोजन एवं आवास व्यवस्था की जाएगी। महाराजश्री ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुकुल परंपरा आज विलुप्त होने की कगार पर है और युवा पीढ़ी दिशाहीन होती जा रही है। अंत में उन्होंने भारत सरकार एवं संस्कृति मंत्रालय का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने संस्कार शिक्षकों को इस पावन दायित्व से जोड़ा है।

## शिक्षा, लेखन और समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान, विभूतियों का सम्मान



**रायपुर।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने अपना 9वां स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित किया। संस्था द्वारा समारोह में उन विभूतियों का सम्मान किया गया, जिन्होंने समाज के विविध क्षेत्रों में अपना विशेष योगदान दिया है। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार सविता पाठक, समाजसेवी आभा मिश्रा, ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग के संस्थापक सदस्य सुरेश पांडेय एवं पार्षद दीपक जायसवाल शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम महापौर मीनल चौबे ने की। शुरुवात गणेश वंदना से हुई। जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था द्वारा विगत 9 वर्ष के कार्यकाल में किए कार्यों की विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि वे पिछले नौ साल से संगठित होकर संस्थागत रूप से समाजसेवा कर रहीं हैं, जिसमें 300 महिलाओं व पुरुषों की टीम की भागीदारी है। कार्यक्रम का संचालन अमृतांशु शुक्ल ने किया।

### इन संस्थाओं और समाजसेवकों का सम्मान

समारोह में महासमुंद आत्मानंद अंग्रेजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनुसूया अग्रवाल को वर्ष 2025 का रमा भारती स्मृति भूमिजा पुरस्कार प्रदान किया गया। प्राचार्या डॉ. अनुसूया अग्रवाल छत्तीसगढ़ की महिला लेखिकाओं व कवित्रियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पिछले 9 वर्षों से कार्य कर रही हैं। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. मणिशंकर शर्मा की स्मृति में पिछले 5 वर्षों से कृषि शिक्षा के क्षेत्र में दिया जाने वाला इस वर्ष का कृषि रत्न सम्मान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय एवं ग्रामीण प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हुलास पाठक को दिया गया। सम्मान के इसी क्रम में समाजसेवी संस्था सेवा पथ, जतन दिव्यांग स्कूल, सखी फाउंडेशन, एक्जेट फाउंडेशन, अखंड छत्तीसगढ़ सर्व मानव सेवा समिति, समग्र ग्राम विकास शोध समाधान केंद्र खोरपा के साथ साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में बृजेश चौबे, पर्यावरण के क्षेत्र में हरियाली दीदी के नाम से प्रसिद्ध पुष्पा साहू, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में पुरुषोत्तम चंद्राकर, पशु कल्याणकर्ता के रूप में प्रेस फोटोग्राफर संतोष साहू, उद्यमिता एवं नवाचार के क्षेत्र में इंजीनियर अभिजीत पांडेय को सम्मानित किया गया।

राजधानी में कई धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं संचालित कर रहीं निशुल्क फिजियोथैरेपी सेंटर्स

# धार्मिक संस्थाओं की पहल : बिना खर्च फिजियोथैरेपी से मिल रही राहत, युवाओं से बुजुर्गों तक को दर्द से आराम

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** आपाधापी से भरी दिनचर्या के बीच खानपान का ध्यान नहीं रखना अब लोगों पर भारी पड़ने लगा है। उम्रदराज ही नहीं, बल्कि युवाओं को भी नसों एवं मांसपेशियों में खिचाव की वजह से असहनीय पीड़ा का सामना करना पड़ता है। प्राइवेट सेंटर्स फिजियोथैरेपी की सुविधा के बदले अलग-अलग पैकेज देते हैं। ऐसे दौर में सैकड़ों लोगों के लिए धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर्स की सेवा मददगार साबित हो रही है। इससे पीड़ितों को दर्द से राहत दिलाने के साथ ही आर्थिक बोझ से बचाने की पहल करते हुए कई धार्मिक स्थलों और संस्थाओं द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में तय समय में निशुल्क सेवा दी जाती है। शहर में कुछ स्थानों पर सेंटर्स के माध्यम से लोगों को पीड़ा से बचाने के लिए सेवा दी जाती थी। अभी भी वर्षों से सेवा देने वाले धार्मिक स्थलों से लोगों की आस्था के साथ सेहत का भी सरोकार जुड़ गया है। पुरानी बस्ती में श्री महामाया मंदिर ट्रस्ट द्वारा लोगों को निशुल्क नियमित फिजियोथैरेपी सेंटर्स में सुविधा दी जाती है।



### नसों में खिंचाव से होने वाली पीड़ा से बचाने सेवा

श्री महामाया मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर में सेवा देने वाले डॉ. खगेश देवांगन ने बताया कि 12 वर्षों से ट्रस्ट द्वारा सेंटर का संचालन किया जा रहा है। सुबह 9 से 12 और शाम को 5 से 8 बजे के बीच आने वाले 140 पेशेंट को इलेक्ट्रोथैरेपी और एक्सरसाइज भी कराई जाती है। इसके लिए पर्याप्त जरूरी संसाधन और आने वाले पीड़ितों की सुविधा का भी इंतजाम है। इसका लाभ लेने हर वर्ग के लोग आते हैं। इनमें बुजुर्ग महिलाओं और युवाओं की संख्या ज्यादा होती है। पाया जाता है कि खानपान में असंतुलन से कमजोरी और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का लगातार इस्तेमाल करने से नसों और मांसपेशियों में खिंचाव की स्थिति बनने से रक्त संचार भी प्रभावित होता है।

### मिडिल क्लास को आर्थिक बोझ से दे रहे राहत

उदयपुर के श्री नारायण सेवा संस्था ने शंकरनगर में श्रीराम फेस-2 में लोगों की सेवा के लिए निशुल्क फिजियोथैरेपी सेंटर शुरू किया है।विगत 15 साल से लोगों की सेहत और सुविधा के लिए सजग संस्था के सेंटर प्रभारी भारत पल्लीवाल ने बताया कि डाक्टर, एक्सपर्ट की टीम हर दिन सुबह 9 से शाम 4 बजे तक आने वाले पीड़ितों को फिजियोथैरेपी की सुविधा देते हुए पीड़ा से निजात दिलाने और सेवा की भावना से प्रतिदिन 25 से 30 लोग मांसपेशियों में खिंचाव से होने वाले असहनीय दर्द से छुटकारा दिलाने के लिए फिजियोथैरेपी सेवा देते हुए प्राइवेट सेंटर्स में मनमाने शुल्क भुगतान से बचा रहे हैं। सेंटर में ज्यादातर मिडिल क्लास परिवार के लोग ही सुविधा का लाभ लेने के लिए पहुंचते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को 6 गोल्ड सहित 8 पदक




**रायपुर।** निःशक्तजनों के खेलों के लिए अटल बिहारी वाजपेयी प्रशिक्षण केंद्र में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक ग्वालियर मध्य प्रदेश में आयोजित चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का बहुत ही शानदार प्रदर्शन रहा। टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 06 गोल्ड 01 सिल्वर, 01 ब्रॉन्ज कुल 08 मेडल प्राप्त किए। 1500 मीटर और 400 मीटर रेस में सुखदेव ने टी 11 कैटेगरी में गोल्ड, 1500 मीटर रेस में निखिल कुमार यादव ने गोल्ड मेडल जीता। टी 12 वर्ग के साथ 400 मीटर दौड़ में नीलम टंडन ने रजत पदक, टी 11 वर्ग के साथ लंबी कूद में देवमोती ने कांस्य पदक, टी 45 वर्ग के साथ 1500 मीटर दौड़ में शिवराम साहू ने स्वर्ण पदक, शॉर्ट पुट और डिस्कस थ्रो में यशोदा राजवाड़े ने स्वर्ण पदक हासिल किया। टीम के मैनेजर निरंजन साहू, कोच बिमल बेरा का इस सफलता में विशेष योगदान रहा। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष आनंद छाबड़ा, उपाध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, महासचिव डिकेश टंडन, सह सचिव सुश्री नीता डूमरे, अशोक दुबे, प्रमोद सिंह, राकेश ठाकुर सहित सभी ने बधाई दी है।

### डीडीसीए अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाडियों का ट्रायल 7 को



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड के कैलेंडर-अनुसार, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) द्वारा रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में-सत्र 2025 के अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग खिलाड़ियों का ट्रायल 7 सितंबर को सुबह 8.30 से 12:00 बजे रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग किया जायेगा1 चयनित खिलाड़ी क्रिकेट बोर्ड-बीसीसीआई, सीएससीएस एवं डीडीसीए के टूर्नामेंट, ट्रेनिंग कैम्प तथा सलेक्शन मैच में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगें। ट्रायल्स से संभावित खिलाडियों का चयन चयनकर्ताओं तथा छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड आब्जर्वर के देख रेख में किया जायेगा1 अंडर 23 तथा सीनियर वर्ग के खिलाडियों का चयन उनके क्रिकेट कौशल- बैटिंग, बॉलिंग एवं विकेट कीपिंग, तथा फील्डिंग एवं फिजिकल टेस्ट के आधार पर लिया जाएगा1 जिला टीम का चयन फिटनेस-सलेक्शन मैच के आधार पर किया जाएगा। ट्रायल्स में अंडर 23 के खिलाडियों का कट ऑफ़ डेट 1 सितंबर 2003 से 1 अगस्त 2007 के ख़लिाड़ी भाग ले सकतें है। ट्रायल्स के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म एवं शुल्क, डिजिटल/मैन्युअल जन्म प्रमाण फोटोकॉपी,स्कूल मार्कशीट विगत 6 साल, बैंक पासबुक, पैन कार्ड की फोटोकॉपी, नवीन पासपोर्ट कलर फोटो लानी होगी। वहीं अन्य जिला से ट्रान्सफर खिलाडियों का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट, क्रिकेट गणवेश व किट के साथ उपस्थित होवें1 छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) के कैलेंडर के अनुसार एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के आब्जर्वर की देखरेख में यह चयन होगा।

### दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अंडर-19 वर्ग के खिलाड़ी चयनित




**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर के खेल कैलेंडर 2025 निर्देशानुसार, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सत्र 2025 के अंडर 19 के क्रिकेट खिलाडियों का ट्रायल पं रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित किया गया। चयन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बोर्ड के पर्यवेक्षक मो० तस्लीम, सचिव प्रमोद पारख, मुख्य चयनकर्ता आशीष सूर्यवंशी, चयनकर्ता शमीम मिर्ज़ा, डॉ नागेन्द्र शर्मा, ट्रायल को-ऑर्डिनेटर सुरेश साहू, ओम साहू, कौशल वर्मा, कोच-ट्रेनर गुरमीत भोगल, इन्दर कौर, कोंडल राव, रवि चौबे, भारत सोनी, राकेश साहू, सुशील मिश्रा और मो. रिजवान की देख रेख में किया गया। ट्रायल में दुर्ग जिला के विभिन्न जगह – दुर्ग, भिलाई, बालोद, राजनंदगांव, धमतरी, दल्ली-राजहरा, कुम्हारी, पाटन के 62 खिलाडियों ने चयन में भाग लिया। चयनित 30 खिलाड़ी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ट्रेनिंग कैंप, सलेक्शन मैच एवं बोर्ड टूर्नामेंट में भाग लेंगे। अंडर 19 के चयनित खिलाडियों में शिवम यादव, युग देशलहरा, चंद्रश यादव, जतिन सारथी, आदित्य वर्मा, अभिजीत राय, समर्थ मुलवानी, धानेश्वर, सागर वर्मा, रुद्र शुक्ला, क्षितिज, विवान बर्मन, अमित द्विवेदी, विनिल जैन, आयुष टंडन, कृतिवास, अंशुल, हर्षित, अविनाश, वंश गुप्ता, अर्जित तिवारी, ऋषि साहू, सार्थक बाजपेई, धैर्य साहू, कार्तिक तिवारी, आनंद त्रिपाठी, अमीय मढ़हरिया, लवकुश तिवारी, मन्नत तांडी और आर्यन जायसवाल शामिल हैं।

काम का दबाव दे रहा कई स्वास्थ्य समस्याएं, प्रभावित हो रही निजी जिंदगी

# शारीरिक सेहत के साथ-साथ मानसिक सेहत पर भी असर डाल रहा काम का बढ़ता दबाव

एक वक्त था, जब ऑफिस का काम ज्यादा होने के बाद भी वर्कलोड ज्यादा नहीं होता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि उस समय ऑफिस वर्क बस ऑफिस तक ही सीमित होता था। मगर कोरोना के बाद से आलम कुछ ऐसा है कि ऑफिस वर्क लोगों की शारीरिक सेहत के साथ-साथ मानसिक सेहत पर भी अत्यधिक असर डाल रहा है। पुरुष हो या महिला, दोनों की जिंदगी में काम का तनाव इतना ज्यादा बढ़ गया है कि उनकी निजी जिंदगी इससे प्रभावित होने लगी है। वे ऑफिस वर्क को मैनेज नहीं कर पा रहे हैं, जिसकी वजह से उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत, दोनों खराब हो रही हैं। दफ्तर की नौ घंटे की स्ट्रेसफुल टाइमिंग, बॉस का दबाव, मैनेजमेंट की मुश्किल, समय-सीमा, ग्राहक का फीडबैक आदि दिक्कतों की वजह से ऑफिस स्ट्रेस बढ़ता ही जा रहा है। इस वर्क स्ट्रेस की वजह से लोग कई तरह की शारीरिक और मानसिक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, जैसे कि तनाव, अवसाद, ब्लड प्रेशर की समस्या, डायबिटीज, मोटापा, थकान, नींद की कमी और दिल की बीमारियां आदि।

दफ्तर में बढ़ते काम का दबाव युवाओं में तनाव की गंभीर समस्या को जन्म दे रहा है। इस तनाव की वजह से सोचने और समझने की क्षमता कम हो रही है। साथ ही कार्यक्षमता और रचनात्मकता भी कम हो रही है। आपको जब भी तनाव होता है तो आप चिड़चिड़ी-सी हो जाती हैं। किसी से बात करने का मन नहीं करता, घर वालों और दोस्तों से ढंग से बात भी नहीं हो पाती। दफ्तर में लंबे समय तक काम करना, रात की शिफ्ट में काम करना, काम का दबाव और हमेशा बढ़ती मांगों के कारण आप तनाव में आ जाती हैं। तनाव का स्तर एक सीमा से ज्यादा बढ़ जाने पर यह दिमाग और शरीर को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है, जो ठीक नहीं है।



दफ्तर में तनाव बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं, जिसका असर निजी जिंदगी पर दिखने लगता है। दफ्तर में बढ़ते तनाव के कारण कार्यक्षमता में कमी आ सकती है। पर्याप्त आराम न मिलने के कारण चीजों को लंबे समय तक याद रखने की क्षमता में गिरावट आती है और काम तथा व्यक्तिगत जीवन में संतुलन नहीं हो पाता है। इस वजह से परिवार के लिए समय न निकाल पाने के कारण आप मानसिक और शारीरिक, दोनों तरह से परेशान होने लगती हैं। आपको कामकाजी जीवन और निजी जीवन में संतुलन बनाना काफी मुश्किल हो जाता है, जिस कारण रिश्तों में तनाव पनपना लगता है।

### क्या कहते हैं शोध

बेंगलुरु की एक हेल्थकेयर कंपनी ने 'कर्मचारियों की भावनात्मक स्वास्थ्य स्थिति' विषय पर अपने ताजा सर्वे में पाया कि 21 से 30 साल के बीच के कर्मचारी सबसे ज्यादा तनावग्रस्त रहते हैं। पिछले महीने ही किए गए इस सर्वे में पांच हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें आईटी और विनिर्माण, परिवहन, स्टाफ भर्ती तकनीक, मीडिया, कानूनी सेवाओं, व्यवसाय परामर्श और अन्य सेवाओं के कई सेक्टर्स के कर्मचारी शामिल थे।

सर्वे के अनुसार, तनावग्रस्त कर्मचारियों में दूसरे नंबर पर 30 से 40 वर्ष की आयु के लोग हैं और फिर 41-50 वर्ष की आयु के लोग हैं। सर्वे में यह भी पाया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अधिक तनाव होता है। लगभग तीन-चौथाई या 72.2 प्रतिशत महिलाओं ने हाई टेंशन के बारे में बताया। इसकी तुलना में जब पुरुषों से यही सवाल पूछा गया तो उनमें से 53.64 प्रतिशत ने कहा कि वे हाई टेंशन का अनुभव करते हैं। महिला कर्मचारियों ने बताया कि काम, जीवन संतुलन का अभाव, पहचान की कमी, लगातार कम मनोबल और हमेशा आलोचना का डर तनाव में वृद्धि के कुछ प्रमुख कारण हैं। निष्कर्ष में पाया गया कि पिछले कुछ सालों में उच्च और अत्यधिक तनाव के स्तर से पीड़ित कर्मचारियों की संख्या में 31 फीसदी की बढ़त हुई है। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की वर्क एंड वेल विंग की ओर से एक अन्य शोध किया गया, जिसमें बताया गया कि ज्यादा तनाव लेने से दिमाग की नसें सिकुड़ने लगती हैं, दिमाग में काफी बदलाव आने लगते हैं और नर्वस सिस्टम में खराबी होने लगती है। दफ्तर में अगर आपके साथ गलत व्यवहार होता है या किसी भी तरह का शोषण होता है तो इसका सीधा असर आपके दिमाग पर पड़ता है। आपके कोर्टिसोल हार्मोन में बदलाव होने लगता है, वो डैमेज हो जाता है और आप डिमेंशिया या अल्जाइमर का शिकार हो सकती हैं। इसलिए आपको बढ़ते वर्कलोड से दिमाग को खराब होने से बचाने के लिए कुछ उपाय करने ही होंगे।

### कारणों की पहचान

दफ्तर में कौन-सी स्थिति आपको तनाव में डालती है, इसे पहचानने की कोशिश करें। किस बात से स्ट्रेस ट्रिगर हो रहा है, उसे जानने का प्रयास करें। चाहें तो रोज घर आकर एक डायरी में अपने दिन भर के और दफ्तर के अनुभवों को लिखें। इससे आपको तनाव के कारण को पहचानने में मदद मिलेगी और आप उससे निपटने में सक्षम हो पाएंगी।



## रातों की नींद उड़ गई है तो अपनाएं देसी नुस्खे



तनाव या फिर अन्य कई वजहों से नींद आने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में आप इस देसी नुस्खे की मदद ले सकती हैं। हालांकि, अगर आपको नींद आने में ज्यादा परेशानी होती है, तो इसके पीछे का कारण जरूर जानें।

दिन भर के काम के बाद शरीर को रेस्ट देने और सही तरह के फंक्शन करने के लिए पूरी नींद बहुत जरूरी होती है। नींद पूरी न होने पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। सोते वक्त फोन चलाना, तनाव की वजह से करवटे बदलना या फिर और भी कई कारण हैं, जिनके चलते नींद आने में मुश्किल होकी है। नींद न आना केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक सेहत को भी खराब कर सकता है। शरीर को जब पूरा आराम नहीं मिल पाता है, तो डाइजेशन भी खराब हो जाता है और हम अपनी क्षमता के अनुसार, काम भी नहीं कर पाते हैं। अगर आपको भी नींद न आने की परेशानी है, तो यह नुस्खा आपकी मदद कर सकता है। इस तरह के कई नुस्खे, हर भारतीय घर में आजमाए जाते रहे हैं। इस नुस्खे के बारे में हमने डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट सिमरन कौर से भी बात की और उन्होंने भी इसे सटीक माना। आइए जानते हैं इस खास नुस्खे के बारे में।



### नींद आने के लिए देसी नुस्खा

अगर आप भी नींद न आने की समस्या से परेशान हैं, तो आपको इस देसी नुस्खे की मदद लेनी चाहिए। अच्छी नींद के लिए 2 हरी इलायची को गुनगुने पानी के साथ लें। इससे आपको नेचुरल तरीके से नींद आएगी।साथ ही, खर्राटों की समस्या भी दूर होगी। आपको रोजाना सोते वक्त ऐसा करना है। इलाचयी स्ट्रेस और एंग्जायटी को कम कर, नींद आने में मदद करती है। यह सोते समय मेटाबॉलिक रेट को भी बढ़ाती है, जिससे डाइजेशन सुधरता है।

### सोते वक्त पिएं इलायची दूध

अगर आप गुनगुने पानी के साथ इलायची (इलायची के फायदे) नहीं लेना चाहती हैं, तो सोते वक्त इसे एक ड्रिंक के तौर पर भी ले सकती हैं। 1 गिलास दूध में 2 इलायची डालकर उबालें और इसे छान लें।

## शतरंज में भारत, अनुभव और लोकेश सहित 10 शीर्ष विजेता

**रायपुर।** 20 राज्यों और 20 जिलों से आए 295 शतरंज खिलाड़ियों की शानदार भागीदारी के साथ आईएम सागर शाह विज़नरी चेस ट्रॉफी 2025 का शानदार आयोजन राजधानी रायपुर में हुआ। टीम चेस सिटी रायपुर की ओर से यह भव्य आयोजन एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल (अंबुजा मॉल रोड, रायपुर) में हुआ। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित 20 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य परिणाम (शीर्ष 10 विजेता) भारत चौबे (उत्तर प्रदेश), 7.5 अंक, 1,00,000 एवं ट्रॉफी, अनुभव पटेल (छत्तीसगढ़), 7 अंक – 50,000 एवं ट्रॉफी, लोकेश पांडे (छत्तीसगढ़), 7 अंक – 25,000 एवं ट्रॉफी, प्रकाश साहू (ओडिशा), 7 अंक, 11,000 एवं ट्रॉफी, अपूर्व यादव (उत्तर प्रदेश), 7 अंक – 7,000 एवं ट्रॉफी 6. तनवीर मोंगा (पंजाब),7 अंक, 5,000 एवं ट्रॉफी, मनांशराज सिंह भाटिया (छत्तीसगढ़), 7 अंक, 4,000 एवं ट्रॉफी, पालाश नागदेवते (महाराष्ट्र), 7 अंक, 3,000 एवं ट्रॉफी, शुभम शर्मा (छत्तीसगढ़), 6.5 अंक, 3,000 एवं ट्रॉफी, अम्मीनेनी उदय कुमार (आंध्र प्रदेश), 6.5 अंक, 3,000 एवं ट्रॉफी श्रेणीवार चैंपियन अंडर 07 : रिशन वर्मा (छत्तीसगढ़) अंडर 09 : अर्नव गोयल (उत्तर प्रदेश) अंडर-11: प्रांजल सिंह (उत्तर प्रदेश) अंडर 13 : शशांक यादव (छत्तीसगढ़) सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी : हिमनाई देवांगन (छत्तीसगढ़) सर्वश्रेष्ठ रायपुर खिलाड़ी : शौर्य चिमनानी (छत्तीसगढ़) सर्वश्रेष्ठ अनरेटेड खिलाड़ी : निमेश झा सर्वश्रेष्ठ 1400–1499 रेटिंग : रामकृष्ण जैन सर्वश्रेष्ठ 1500–1599 रेटिंग : देवदत्त महानंद सबसे कम उम्र के खिलाड़ी में 4 वर्षीय के प्राशी जैन (छत्तीसगढ़) रहे।

### हथेली पर बनता है क्रास का निशान जानिए इसके शुभ-अशुभ संकेत

व्यक्ति की हथेली में कई तरह के निशान, लकीरें और अलग-अलग आकृतियां बनी हुई होती हैं। हस्तरेखा ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हथेली पर बनी लकीरों के अध्ययन से व्यक्ति के स्वभाव और भविष्य के बारे में काफी कुछ जानकारियां हासिल की जाती है। हथेली पर बने ये निशान जहां व्यक्ति को भाग्यशाली बनाते हैं तो कुछ निशान को अशुभ भी माना जाता है। हथेली पर शुभ निशान बने होने पर व्यक्ति के जीवन में धन-दौलत की कोई भी कमी नहीं रहती है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

S Nitin Numerological
Grow your Business
For Enhance Your Business
Boost Your Money flow
Unblock Your Potential
Unblock Your business
Clear All Bandhan Dosh
Clear All Graha Black Magic
Received Unlimited Abundance
CHARGED DHOOP
S. Nitin Astrology & Numerology Expert
प्रथम मंजिल अशरफ इंग्लिश क्लासेज बिल्डिंग फव्वारा चौक बैरन बाजार रायपुर छत्तीसगढ़
www.snitinnumerological.com 7000074769

ग्रह, चक्र 'औरा' में एक साथ सुधार की तकनीक
'औरा' के प्रति जागरुकता अभियान
FREE Checkup
www.astrologywithaura.com
कुण्डली व स्वास्थ्य के बेहतर समाधान के लिये 'औरा' को समझना आवश्यक
रत्नों के साथ गहने, सिर्फ गहनों से भी ग्रह व सेहत खराब हो रही
पेपर कटिंग लाने पर 'औरा' एवं कुण्डली परीक्षण निःशुल्क सितंबर 25, हर शनिवार दोपहर 12 से रात्रि 8 बजे तक
Video call पर चेकअप मात्र 100/- समय की उपलब्धता के आधार पर
आज की जरूरत राजेश श्रीवास्तव, 11 ए, रवि नगर, पंडरी, रायपुर (छग) 76919 06755, 76929 51173

क्लीन किचन
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
: कॉल करें :
बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
प्योर वेज थाली (पार्सल)
110/-,160/-, 210/-
सर्वसुविधायुक्त, शुद्ध शाकाहारी भोजन व नाश्ता
किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी के लिए उपयुक्त
पार्सल हेतु संपर्क करें :
रायपुर हॉस्टल
स्टूडेंट्स हेतु मासिक भोजन पर 10% OFF
4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली LOW CALORY
आलू, प्याज, लहसून रहित पौष्टिक एवं शुद्धतापूर्ण हाईजेनिक
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
88780 00127, 79998 44943

SHREEJI INN
HOTEL & RESTAURANT
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT
AMPLE NUMBER OF CAR PARKING SPACE - (150+CAR PARK AT A TIME)
FOR SMALL FUNCTIONS BANQUET HALL CAP : 30-200 PAX
WE ORAGANISE :
•CORPORATE EVENTS •KITTY PARTY
•MARRIAGE FUNCTIONS •BIRTHDAY PARTY & MORE...
BOOKING NOW +91 9329744444
FOLLOW US
Ring Road No. 1, infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार कय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।

DYNAMO Electric Vehicle
Ride into future with the NEW GENERATION OF TWO-WHEELER
0% 2 Year Warranty आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
Offer Price 28,000/-*
X1
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रुई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बेरी की अदाओं ने किया घायल फैंस बोले-लाइफ हो तो ऐसी

हॉलीवुड की 'बॉन्ड गर्ल' हैल बेरी की अदाओं के हम सब कायल रहे हैं।



अब 59 की उम्र में भी इस हसीना ने हर किसी को घायल कर दिया है। एक्ट्रेस ने अपने बर्थडे वेकेशन से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देख दुनिया दीवानी हुई जा रही है। 'जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइज' की फिल्म 'डाई अनदर डे' में अपने सांवले हुस्न से दुनिया को दीवाना बना देने वाली हैल बेरी आपको याद होंगी। हैली 59 साल की हो गई हैं। इस अमेरिकी एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। बॉन्ड की फिल्मों में बिकिनी पहन पानी से बाहर आकर दिल धड़काने वाली हैल की अदाएं यहां भी मदहोश करने वाली हैं। तस्वीरों में समंदर है, नीला आसमान है, बिकिनी में हैल हैं और साथ हैं उनके बॉयफ्रेंड वैन हंट। इन तस्वीररों को देख फैंस कह रहे हैं कि लाइफ हो तो हैली बेरी जैसी हो। उम्र ने तो जैसे उनपर असर करना ही बंद कर दिया है। हैल अपना बर्थडे मनाने कहां गई थीं, इसकी जानकारी तो नहीं है। लेकिन उनहोंने जो तस्वीरें शेयर कीं, वह बेहद खूबसूरत हैं। गहरे समंदर के ऊपर बिकिनी में हैल कहीं खूबसूरत मुस्कान बिखेर रही हैं, तो कहीं वैन के साथ बिस्तरर पर चिल्लह करती नजर आ रही हैं। फैंस की नजरों में हैली की यह तस्वीर सबसे शानदार है। अपने पैरों से वाइन ग्लास पकड़ने की उनकी असाधारण क्षमता से बहुतों को जलन हो रही है। कुछ ने कहा है कि अब वो भी यह तरीका अपनाएंगे। हैल बेरी का पूरा नाम हैल मारिया बेरी है। हैल एक्ट्रेस बनने से पहले सुपर मॉडल थीं। उन्हों ने मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू किया और कई ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भी हिस्सा लिया। साल 1986 में वह 'मिस यूएसए' में फर्स्ट रनरअप रही थीं। इसके बाद 1986 की मिस वर्ल्ड कंपीटिशन में उन्हों ने छठा स्थान हासिल किया था। साल 1991 में 'जंगल फीवर' से करियर की शुरुआत करने वाली हैल की पहली हिट फिल्म रोमांटिक कॉमेडी 'बूमरैंग' (1992) थी। इसमें वह एडी मर्फी के साथ नजर आई थीं।

### टॉलीवुड

## कल्याणी प्रियदर्शन की एक्टिंग के दीवाने हुए दर्शक, यूजर्स को पसंद आ रही 'लोका

कल्याणी प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लोका चैप्टर 1' थिएटर्स में



रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को देखने के बाद दर्शक एक्स पर शानदार प्रतिक्रियाएं दी है। उन्हें अभिनेत्री की एक्टिंग भी बहुत पसंद आ रही है। दुलकर सलमान द्वारा निर्मित और कल्याणी प्रियदर्शन अभिनीत 'लोका चैप्टर-1' दर्शकों को प्रभावित करती नजर आ रही है। एक्ट्रेस के अभिनय के अलावा नेटिजंस को इंटरवल पार्ट भी काफी पसंद आ रहा है। एक्स पर एक यूजर ने ट्वीट किया, 'पहला हाफ शानदार है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'इंटरवल पार्ट रोंगटे खड़े कर देने वाला है।' इसके अलावा अन्य यूजर्स कल्याणी प्रियदर्शन की एक्टिंग की काफी सराहना कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन डोमिनिक अरुण द्वारा किया गया है। फिल्म का म्यूजिक दर्शकों का ध्यान खींच रहा है।

### भोजपुरी

## सुहागन बन सुर्ख लाल जोड़े में रानी ने शेयर किया 'सास बहू चली स्वर्गलोक' का वीडियो

भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी ने अपनी आगामी



फिल्म 'सास बहू चली स्वर्गलोक' के सेट से एक मजेदार बी टी ए स या नी 'बिहाइंड द सीन्स' वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में, वह अर्थी पर लेटी हुई हैं और चिलचिलाती गर्मी से परेशान दिख रही हैं, जिससे सेट पर हंसी का माहौल बन गया है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई वीडियो में रानी चटर्जी शुरुआत में बताती है, 'मैं शूट कर रही हूं अर्थी का सीन... जिसमें मैं मर गई हूं।' इसके बाद वह सुहागन बन सुर्ख लाल जोड़े में अर्थी पर लेटी हुई नजर आती हैं और आसपास फिल्म की टीम मौजूद है। वीडियो में आगे रानी कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराती हैं और मजाक करने लगती हैं, जिससे पूरा माहौल मजेदार हो जाता है। रानी वीडियो में कहती हैं, 'मैं ऐसा सीन दूसरी बार कर रही हूं। इससे पहले मैंने फिल्म मैं प्रेम की दीवानी में ऐसा सीन किया था।' वहीं वह चिलचिलाती गर्मी से परेशान होती भी नजर आई। वह वीडियो में कहती हुई दिखती है कि गर्मी बहुत ज्यादा है। इस दौरान सेट पर मौजूद टीम का एक मेंबर रानी को पोर्टेबल फैन से हवा देने लगता है ताकि उन्हें कुछ राहत मिले। इस बीच पीछे से किसी की आवाज आती है- 'डेड बॉडी को हवा दी जा रही है।' यह सुनकर रानी और आसपास की टीम हंसने लगते हैं। वीडियो में न सिर्फ रानी बल्कि फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। कोई कैमरे के पीछे है, तो कोई सीन की तैयारी कर रहा है। रानी ने इस वीडियो को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'सास बहू चली स्वर्गलोक' देखने में जितना मजा आया, उससे कई गुना ज्यादा मजा शूट करने में आया।

### लाइफ स्टाइल



गहनों की चाह

> अगर भारतीय शादियों से जुड़ी एक बड़ी पहचान की बात की जाए तो वह है भव्यता और दुल्हन के गहने के अलावा कुछ नहीं हो सकती। हालांकि, 2025 में भारतीय दुल्हनों के लिए ज्वेलरी डिजाइनर कुछ नए कलेक्शन लेकर आएं हैं लेकिन लोगों का ध्यान परंपरागत गहनों की तरफ ज्यादा जाता है। आगामी दिनों में शादियों के मुहूर्त को देखते हुए माना जा रहा है कि परंपरागत डिजाइनर ज्वेलरी की मांग बढ़ जाएगी।

## नमी भरे मौसम में बचें बॉडी बटर के इस्तेमाल से

बॉडी बटर का इस्तेमाल हर मौसम में नहीं किया जाना चाहिए। खासतौर से, बारिश या इसके बाद नमी भरे मौसम के दौरान बॉडी बटर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इस मौसम में अगर नियमित रूप से बॉडी बटर का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नमी से भरे मौसम के दौरान बॉडी बटर का इस्तेमाल करने के कुछ नुकसान के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

### स्किन रहती है चिपचिपी

मानसून का मौसम नमी बहुत अधिक बढ़ जाती है। वहीं, दूसरी ओर बॉडी बटर की कंसिस्टेंसी थिक होती है। जिसके कारण जब बॉडी बटर को स्किन पर अप्लाई किया जाता है तो यह स्किन में जल्दी से अब्जॉर्ब नहीं हो पाता है। जिससे आपकी स्किन अधिक ऑयली, चिपचिपी या फिर ग्रीसी महसूस हो सकती है।

### क्लॉग पोर्स की समस्या

बॉडी बटर स्किन पर काफी हैवी हो सकता है। यदि आप इसे अधिक मात्रा में लगाती हैं या फिर आप मानसून में अपनी एक्ने प्रोन स्किन पर अप्लाई करती हैं तो इससे आपके पोर्स क्लॉग हो सकते हैं। साथ ही साथ, इससे स्किन इरिटेशन या ब्रेकआउट की शिकायत भी हो सकती है।

### फंगल इंफेक्शन का बढ़ता खतरा

मानसून के दौरान ह्यूमिडिटी के कारण फंगल इंफेक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। हालांकि, अगर आप इस मौसम में बॉडी बटर का इस्तेमाल



करते हैं तो इससे यह समस्या और भी अधिक बढ़ सकती है। अगर आप शरीर की हाइजीन का पूरा ख्याल नहीं रखते हैं और पसीना जमा होने वाले एरिया पर बॉडी बटर लगाते हैं तो इससे आपको फंगल इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है।

### हो सकता है एलर्जिक रिएक्शन

कई बार बॉडी बटर में फ्रेगरेंस आदि का इस्तेमाल किया जाता है और इसलिए अगर बॉडी बटर को सेंसेटिव स्किन पर लगाया जाता है तो इससे एलर्जिक रिएक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। मानसून के दौरान नमी के कारण एलर्जिक रिएक्शन की संभावना काफी बढ़ जाती है।


## ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को साड़ी के साथ इन तरीकों से करें कैरी







साड़ी एक ऐसा एथनिक वियर है, जिसे किसी भी ओकेजन पर आसानी से कैरी किया जा सकता है। आमतौर पर, हम सभी ऑफिस से लेकर पार्टी तक साड़ी को स्टाइल करते हैं। यूं तो साड़ी देखने में बेहद ही ग्रेसफुल लगती है, लेकिन अगर इसके साथ ज्वैलरी को सोच-समझकर स्टाइल किया जाए तो इससे आपका लुक और भी अधिक निखर जाती है। साड़ी के स्टाइल के अनुसार आप पर्ल से लेकर कुंदन, डायमंड व गोल्ड ज्वैलरी आदि कई तरह की एक्सेसरीज कैरी कर सकती हैं। लेकिन ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी की बात ही कुछ और है। इसे आप कई तरह से स्टाइल कर सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को कैरी कर सकती हैं-



### पहनें स्टेटमेंट नेकपीस

अगर आप किसी पार्टी के लिए रेडी हो रही हैं और साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में स्टेटमेंट नेकपीस पहननाअच्छा विचार हो सकता है। कोशिश करें कि आप साड़ी के साथ डिज़ाइनर ब्लाउज और स्टेटमेंट ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को स्टाइल करें। यह आपके स्टाइल को इंडो-वेस्टर्न लुक देता है। ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी के साथ आप अपनी आइज को बोल्ड लुक दें।

### स्टाइल करें नेकपीस और इयररिंग्स

अगर आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी पहनते समय एक बैलेंस लुक चाहती हैं तो ऐसे में ऑक्सीडाइज्ड नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स को भी स्टाइल किया जा सकता है। यह एक ग्रेसफुल लुक है और डे टाइम या इवनिंग टाइम में अगर आप कहीं बारह जा रही हैं तो ऐसे में आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड नेकपीसके साथ इयररिंग्स को कैरी करें।

## मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल करें तरीके से

मेकअप करना हम सभी को बेहद पसंद होता है और इसके लिए हम आए दिन अपनी मेकअप वैनिटी में नए से नए प्रोडक्ट्स को शामिल करते रहते हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि मेकअप कई प्रकार के होते हैं, लेकिन इसी के साथ मेकअप को केवल चेहरे पर ही नहीं किया जाता है बल्कि इसे शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा इसलिए ताकि बॉडी का कलर भी चेहरे के साथ मिलता हुआ नजर आए। वहीं मेकअप हाइलाइटर सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है और इसे चेहरे के अलावा आप शरीर के हाई पॉइंट्स पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं चेहरे के अलावा मेकअप हाइलाइटर को बॉडी के हाई पॉइंट्स पर इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे मेकअप से जुड़े कुछ टिप्स।

### पैरों पर कैसे करें इस्तेमाल

अगर आप शॉर्ट ड्रेस पहन रही हैं तो घुटने पर मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं आप चाहे तो घुटनों से लेकर पैरों तक में मेकअप कंटूरिंग कर फिर आप हाइलाइटर



का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहे तो लिक्विड हाइलाइटर को मॉइस्चराइजर में मिक्स करके टांगों पर लगा सकती हैं।

### गर्दन पर इस्तेमाल

चेहरे के हाई-पॉइंट्स के अलावा आप मेकअप हाइलाइटर का इस्तेमाल गर्दन पर भी कर सकती हैं ताकि चेहरे का टोन गर्दन से आसानी से मैच कर जाये और आपका लुक खूबसूरत नजर आए। वहीं अगर आपकी गर्दन का कलर चेहरे से ज्यादा अलग है तो आप पहले कलर कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं और चाहे तो कॉलर बॉन्स पर मेकअप कंटूरिंग कर सकती हैं।

## बेल स्लीव्स में स्टनिंग दिखने फॉलो करें टिप्स

बेल स्लीव्स डिजाइन नार्मल स्लीव्स से काफी अलग होता है, इसलिए जब आप इसे डिजाइन करवाती हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का भी ध्यान रखना होता है। इन टिप्स को फॉलो करके आपका ओवर ऑल लुक काफी अच्छा लगता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको बेल स्लीव्स डिजाइन करवाते समय ध्यान में रखना चाहिए-



### लेंथ पर दें ध्यान

जब आप बेल स्लीव्स पहन रही हैं तो आपको उसकी लेंथ पर भी ध्यान देना चाहिए। आप अपने बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए लेंथ को सलेक्ट करें। मसलन, अगर आपकी हाइट कम है तो अपने लुक को बैलेंस करने के लिए आप शॉर्ट स्लीव्स को चुनें। वहीं, अगर आप स्लिम हैं और आपकी हाइट लंबी हैं तो आप थ्री फोर्थ लेंथ की बेल स्लीव्स भी डिजाइन करवा सकती हैं।

### ओकेजन का रखें ध्यान

बेल स्लीव्स को यूं तो किसी भी ओकेजन पर पहना जा सकता है, लेकिन जब आप उसे स्टाइल कर रही हैं तो आपको ओकेजन का खास तौर पर ध्यान रखना चाहिए। मसलन, कैजुअल आउटिंग के लिए, जींस या शॉर्ट्स के साथ फ्लोई बेल स्लीव्स टॉप एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है, वहीं किसी फॉर्मल ओकेजन के लिए आप बेल स्लीव्स के साथ स्ट्रक्चर्ड टॉप पहन सकती हैं।

### हो जाएं एक्सपेरिमेंटल

भले ही आपने बेल स्लीव्स को स्टाइल करने का मन बनाया है, लेकिन फिर भी आप इसमें कई स्टाइल को कैरी कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

**ठंड के आने से पहले खयाल रखें अपनी स्किन का**

## मेंस फैशन में बाधा नहीं बनना चाहिए बारिश का मौसम, ग्लोइंग स्किन के लिए अपनाएं आसान टिप्स

सही स्किनकेयर न केवल चेहरे को तरोताजा रखता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। अभी बारिश का मौसम गया नहीं है और ठंड आई नहीं है। इस बीच कुछ आसान टिप्स अपनाकर लड़के इस मौसम में भी अपनी स्किन का ध्यान रख सकते हैं। इस मौसम में जहां नमी के साथ ठंडक रहती है, वहीं यह त्वचा के लिए कई चुनौतियां भी खड़ी करता है। बरसात के इस मौसम में महिलाओं के अलावा पुरुषों को भी स्किन संबंधित कई समस्याएं हो सकती हैं। नमी, पसीना और धूल-मिट्टी के कारण चेहरे पर मुंहासे, चिपचिपापन और इंफेक्शन जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में जरूरी है कि पुरुष अपनी ग्रूमिंग रूटीन को मौसम के हिसाब से बदलें। सही स्किनकेयर न केवल चेहरे को तरोताजा रखता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। आइए जानते हैं कुछ आसान टिप्स, जिन्हें अपनाकर लड़के मानसून में भी अपनी स्किन का ध्यान रख सकते हैं।



### स्पेशल ग्रूमिंग हैक्स

लड़कों को इस मौसम में शेविंग के बाद आफ्टरशेव लोशन का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि इंफेक्शन न हो। बालों और दाढ़ी को साफ रखना भी जरूरी है। हफ्ते में एक बार होममेड फेसपैक जैसे नीम या मुल्तानी मिट्टी का पैक लगाना फायदेमंद होता है।

### क्लेंजिंग है सबसे जरूरी

इस मौसम में चेहरे पर गंदगी और तेल जल्दी जम जाते हैं। इसलिए दिन में कम से कम दो बार माइल्ड फेसवॉश से चेहरा धोना चाहिए। यह पोर्स को साफ करता है और मुंहासों को रोकता है।

### मॉइश्चराइजर न भूलें

अक्सर लड़के सोचते हैं कि ऑयली स्किन में मॉइश्चराइज़र की जरूरत नहीं है, लेकिन इस मौसम की नमी स्किन को डिहाइड्रेट भी कर सकती है। हल्का, ऑयल-फ्री मॉइश्चराइज़र स्किन को बैलेंस में रखता है।

### सनस्क्रीन है अनिवार्य

इस मौसम में धूप कम दिखती है, लेकिन यूवी रेज अब भी स्किन को नुकसान पहुंचाती हैं। वॉटर-रेजिस्टेंट सनस्क्रीन लगाने से टैनिंग और एजिंग से बचाव होता है। सनस्क्रीन लगाकर घर से निकलना आपकी त्वचा को सुरक्षित रख सकती है।

### हेल्दी डाइट और हाइड्रेशन

चेहरे की चमक सिर्फ बाहर की देखभाल से नहीं आती। मानसून में तली-भुनी चीजों से बचना और ताजे फल-सब्जियां खाना जरूरी है।

